संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

पूर्णिया , सोमवार 29 सितंबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 189






आठवा दिन

मां कालरात्रि

"सिंहवाहनं महाकालं कालरात्रिं जगतां भूतप्रणाशिनीम्।
सर्वव्याधिनाशिनीं च विद्महे दुष्टदमनं धनदायिनीं च धीमहि।
तन्नो कालरात्रिः प्रचोदयात्॥"

# भारत ने 9वीं बार जीता एशिया कप, फाइनल में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया

## टीम इंडिया ने 14 दिन में पाकिस्तान को तीसरी बार रौंदा

**दुबई,** (हि.स.)। भारत ने दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए एशिया कप 2025 के फाइनल में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर नौवीं बार एशियाई चैंपियनशिप अपने नाम की। भारत की जीत की नींव तिलक वर्मा की शानदार नाबाद 69 रनों की पारी रही, जिन्होंने टीम के एक छोर को संभाले रखा।



147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत कमजोर रही और 20 रन पर अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव के विकेट गिर गए। इसके बाद संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की। संजू 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शिवम दुबे ने तिलक वर्मा के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की, जिसमें उन्होंने 22 गेंदों में 33 रन बनाए। पाकिस्तानी टीम 146 रनों पर ऑल आउट हुई और 20 ओवर भी पूरे नहीं कर पाई। सलामी बल्लेबाज फरहान और फखर की जोड़ी ने शुरुआती 84 रन जोड़कर उम्मीद जगाई, लेकिन भारतीय स्पिनरों ने पाकिस्तान को घेरा। कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट झटके, जबकि जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट लिए। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने 57 और फखर जमान ने 46 रन बनाए, बाकि कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। भारत-पाकिस्तान मुकाबलों की बात करें तो एशिया कप 2025 में टीम इंडिया ने 14 दिन के भीतर तीन बार पाकिस्तान को पटखनी दी है। पहले टूर्नामेंट के लीग मैच में, फिर सुपर-4 मुकाबले में और अब फाइनल में 5 विकेट से पाकिस्तान को मात दी है।

## मैदान पर भी ऑपरेशन सिंदूर पीएम ने टीम इंडिया को एशिया कप जीतने पर दी बधाई



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत की पाकिस्तान पर जीत को "ऑपरेशन सिंदूर" से जोड़ते हुए भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैदान पर भारत की रणनीति और समर्पण का नतीजा जीत के रूप में सामने आया। पीएम मोदी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे देशवासियों के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "क्रिकेट के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर। परिणाम वही है। हमारे क्रिकेट खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई।" यह टिप्पणी राष्ट्रीय गर्व और रणनीतिक सफलता का प्रतीक मानी जा रही है।



"सिंहवाहनं महाकालं कालरात्रिं जगतां भूतप्रणाशिनीम्।
सर्वव्याधिनाशिनीं च विद्महे दुष्टदमनं धनदायिनीं च धीमहि।
तन्नो कालरात्रिः प्रचोदयात्॥"

नवरात्र के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने रविवार शष्ठी तिथि को माता कात्यायनी की पूजा अर्चना श्रद्धा और भक्ति के साथ की। विभिन्न मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार और आरती के माध्यम से माता कात्यायनी की पूजा की गई। आज सोमवार सप्तमी तिथि पर भक्तजन माता कालरात्रि की विधिवत पूजा-अर्चना करेंगे। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष सजावट, दीप प्रज्वलन और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।माँ कालरात्रि, देवी दुर्गा की आठवीं शक्ति और मां पार्वती की पुत्री मानी जाती हैं। वे अंधकार और पाप का नाश करती हैं। उनकी पूजा सप्तमी तिथि को दीप, फूल और मंत्र "ॐ देवी कालरात्र्यै नमः" से की जाती है। इससे भय, संकट और रोग दूर होते हैं और समृद्धि मिलती है।

## राहुल गांधी ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली,** (हि.स)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर उन्हें सादर नमन किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने पोस्ट में भगत सिंह के बलिदान और साहस को याद किया।

उन्होंने लिखा,



"शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने का उनका साहस, अटूट संकल्प और बलिदान हर भारतीय के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।"

## अमेरिका ने यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें देने पर विचार शुरू किया

**वॉशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने रविवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका यूक्रेन के अनुरोध पर लंबी दूरी की टॉमहॉक मिसाइलें उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है। यह मिसाइलें रूस के खिलाफ यूक्रेन की सैन्य क्षमता को मज़बूत कर सकती हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका से आग्रह किया है कि वह यूरोपीय देशों को टॉमहॉक मिसाइलें बेचे, जिन्हें बाद में यूक्रेन भेजा जा सके। वेंस ने "फॉक्स न्यूज़ संडे" कार्यक्रम में बताया कि अंतिम निर्णय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लेंगे। 2,500 किलोमीटर रेंज वाली ये मिसाइलें यूक्रेन की सेना को रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों का जवाब देने में मददगार साबित होंगी। हालांकि, ऐसी किसी भी आपूर्ति को रूस युद्ध में बड़ी वृद्धि के तौर पर देख सकता है। ट्रंप पहले यूक्रेन की लंबी दूरी की मिसाइलों की मांग ठुकरा चुके हैं, लेकिन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समझौते से इनकार करने पर उनकी नाराज़गी बढ़ी है। वेंस ने कहा कि रूस का आक्रमण अब ठहर गया है और उसे "हकीकत स्वीकार करनी होगी, क्योंकि बहुत लोग मर रहे हैं और रूस को हासिल कुछ खास नहीं हो रहा है।"

## तमिलनाडु की रैली में भगदड़ से 39 लोगों की मौत, जानें अबतक क्या-क्या हुआ

**करूर,** (हि.स.)। तमिलनाडु के करूर जिले में रविवार शाम अभिनेता से नेता बने जोसेफ विजय की "वेलिचम वेलियेरु" चुनावी रैली के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई। इनमें 8 बच्चे और 16 महिलाएं शामिल हैं। 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं और विभिन्न अस्पतालों में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। सरकारी प्रतिक्रिया और आर्थिक मददमुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपये और घायलों को 1 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का आदेश दिया। राज्य सरकार ने हादसे की जांच के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज अरुणा जगतीशन की अगुवाई में एक सदस्यीय दल का गठन किया। नेताओं ने जताया शोकराष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शोक व्यक्त किया। जोसेफ विजय ने व्यक्तिगत रूप से मृतकों के प्रति संवेदना जताई। एआईएडीएमके नेता एडप्पादी पलानीस्वामी ने भी घायलों की मदद के निर्देश दिए।






# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैशाली में 331 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

## हाजीपुर में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम और कई प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण कार्य किया गया।



**पटना,** (हि.स.) बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को वैशाली जिले के डिग्री कॉलेज, गोरौल में आयोजित कार्यक्रम से 744 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत वाली कुल 331 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास रिमोट के माध्यम से किया। इनमें सड़क, जल निकासी, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

**प्रमुख सड़क और जल निकासी परियोजनाओं का उद्घाटन** : मुख्यमंत्री ने हाजीपुर नगर परिषद क्षेत्र में 129 करोड़ रुपये की लागत से स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त लालगंज (रपुटा)-सराय रोड (12.95 किमी) का चौड़ीकरण 27 करोड़ 14 लाख रुपये में, गोरौल-सोंधों-मथनामल रोड का चौड़ीकरण 19 करोड़ 51 लाख रुपये में और पनसडिया (लोहा पुल) भारत चौक से छह लेन गंगा ब्रिज पहुंच पथ (4.20 किमी) का उद्घाटन 14 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से किया गया।

**जनता से संवाद और संदेश** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका और अन्य उपस्थित लोगों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिल-जुलकर बिहार को आगे बढ़ाने में योगदान दें। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, विधायक सिद्धार्थ पटेल और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**स्वास्थ्य और ऊर्जा क्षेत्र में विकास :**
स्वास्थ्य क्षेत्र में 44 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से सदर अस्पताल वैशाली परिसर में 100 शैय्या के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का उद्घाटन किया गया। ऊर्जा क्षेत्र में 181 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से चार योजनाओं का शुभारंभ किया गया। साथ ही हाजीपुर में 132/33 केवी ग्रिड उपकेन्द्र का नवीनीकरण एवं 220/132 केवी ग्रिड उपकेन्द्र में 200 एमवीए ट्रांसफॉर्मर का अधिष्ठापन किया गया।

**शिक्षा और खेल सुविधाओं का विकास**
: मुख्यमंत्री ने डिग्री कॉलेज गोरौल का शिलान्यास किया और प्रस्तावित डिग्री कॉलेज का 3डी मॉडल देखा। इसके अलावा बालक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हाजीपुर (15 करोड़ 10 लाख), भवन, पुस्तकालय और खेल मैदान सहित अन्य विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन किया गया। कुल 122 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से 110 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

**01: स्वास्थ्य क्षेत्र में सदर अस्पताल में 100 शैय्या के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का उद्घाटन हुआ।**

---

**02: हाजीपुर के ग्रिड उपकेंद्रों का नवीनीकरण एवं 200 एमवीए ट्रांसफॉर्मर का अधिष्ठापन किया गया।**

---

**03 : मुख्यमंत्री ने पेंशनधारी, जीविका दीदियों और आंगनबाड़ी सेविकाओं से संवाद कर बिहार के विकास में सहयोग की अपील की।**

# उन्मेष ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार किया : उपराष्ट्रपति

## -तीसरे संस्करण में भारत सहित शामिल हुए 16 देशों के 550 से अधिक प्रतिभागी




**पटना,** (हि.स.)। बिहार की राजधानी पटना के ज्ञान भवन, सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर में एशिया के सबसे बड़े साहित्य उत्सव 'उन्मेष' का समापन रविवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि 'उन्मेष' ने "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की परिकल्पना को साकार किया है। उन्होंने संस्कृति मंत्रालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसने विभिन्न भाषाओं और देशों के लोगों को इस साहित्यिक मंच से जोड़ा।

**साहित्य और संस्कृति की वैश्विक पहचान** : उपराष्ट्रपति ने भारत की भाषायी एकता और सांस्कृतिक समृद्धि पर गौर करते हुए बताया कि भारतवासी भाषा और धर्म दोनों से जुड़े हैं। उन्होंने बिहार की भूमि से जन्मीं माता सीता, भगवान बुद्ध और महावीर का उल्लेख करते हुए नालंदा व विक्रमशिला विश्वविद्यालयों की विश्व में भारत की प्रतिष्ठा में भूमिका पर प्रकाश डाला। नालंदा विश्वविद्यालय के पुनः आरंभ होने पर उन्होंने खुशी जताई।

**सत्र और सांस्कृतिक कार्यक्रम** समारोह में राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद खान, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह, साहित्य अकादमी अध्यक्ष माधव कौशिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। 19 सत्रों में 112 साहित्यकारों ने भाग लिया। प्रमुख सत्रों में लोकसाहित्य, व्यंग्य, बाल साहित्य में विविधता और पर्यावरण विषयक साहित्य शामिल थे। मुख्य आकर्षण अभिनेता अमोल पालेकर एवं संध्या गोखले से संवाद और ग्रेमी पुरस्कार विजेता रिकी केज की संगीत प्रस्तुति रही।

**बिहार की सांस्कृतिक धरोहर**
उपराष्ट्रपति ने बिहार को क्रांतिकारियों की धरती बताते हुए स्वयं अपने जीवन में जयप्रकाश नारायण के आंदोलन में भाग लेने का अनुभव साझा किया। उन्होंने छठ पर्व की विशिष्टता का वर्णन किया, जो उगते और डूबते सूर्य की पूजा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बिहार माता सीता की जन्मभूमि है, जिसने साहस और धैर्य का जीवन जीकर पूरे विश्व को प्रेरित किया।

**01: बिहार की सांस्कृतिक और भाषायी धरोहर, नालंदा व विक्रमशिला विश्वविद्यालयों की भूमिका पर उपराष्ट्रपति ने प्रकाश डाला।**

---

**02: 19 सत्रों में 112 साहित्यकारों ने भाग लिया, जिसमें लोकसाहित्य, व्यंग्य, बाल साहित्य और पर्यावरण आधारित सत्र शामिल थे।**

---

**03: समारोह में अभिनेता अमोल पालेकर-संध्या गोखले संवाद और ग्रेमी पुरस्कार विजेता रिकी केज की संगीत प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहे।**

यह उत्सव पहले शिमला और भोपाल में आयोजित किया जा चुका है।

## केंद्रीय मंत्री और बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने मुख्यमंत्री नीतीश से की मुलाकात



**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आधिकारिक आवास 1, अणे मार्ग पर मुलाकात की। इस 'शिष्टाचार भेंट' में प्रधान के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा भी उपस्थित रहे। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इस मुलाकात में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीटों के बंटवारे पर गंभीर बातचीत हुई। राजग में भाजपा, जदयू, हम, राष्ट्रीय लोक मोर्चा और लोजपा (आर) शामिल हैं। सभी दलों ने अपनी-अपनी सीटों को लेकर इच्छाएं जताई हैं, लेकिन औपचारिक फॉर्मूला अभी तय नहीं हुआ है। धर्मेंद्र प्रधान को इस सप्ताह भाजपा ने बिहार चुनाव के लिए नई जिम्मेदारी दी। वे शुक्रवार से पटना में हैं और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पार्टी बैठक में भाग ले चुके हैं। शनिवार को उन्होंने दीघा विधानसभा क्षेत्र में घर-घर प्रचार किया, जो पटना का सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र है। इस मुलाकात को राजनीतिक विशेषज्ञ राजग की रणनीति और सीट बंटवारे के संकेत के रूप में देख रहे हैं।

# बिहार में बिना लाइसेंस नहीं होगा मूर्ति विसर्जन, कोई जुलूस भी नहीं निकाल सकेगा

## - नेपाल और सीमावर्ती राज्यों की सीमाओं, सभी थानों से लेकर साइबर यूनिट तक को किया गया अलर्ट



**पटना,** (हि.स.)। बिहार में दुर्गा पूजा और आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा-व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। मूर्ति विसर्जन या किसी भी जुलूस के लिए स्थानीय प्रशासन से लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना लाइसेंस के पंडाल नहीं बनेंगे और जुलूस नहीं निकाले जाएंगे। सभी जुलूस की वीडियोग्राफी भी अनिवार्य की गई है।

**थानों को सख्त निर्देश** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूजा के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। किसी भी थाने क्षेत्र में लापरवाही या हंगामा होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सीमा और संवेदनशील क्षेत्रों की चौकसी** : नेपाल सीमा और पड़ोसी राज्यों की सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस ने गश्ती और तलाशी अभियान तेज कर दिए हैं। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी निगरानी और सादे लिबास में पुलिस तैनात की गई है। इस बाबत पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने बातचीत में कहा कि सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) से लेकर थाना स्तर तक सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है। हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए कहा गया है। अगर उपद्रव से संबंधित कोई शिकायत कहीं दर्ज होगा, तो उसकी स्पीडी ट्रायल करवाकर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। जनता से अनुरोध है कि किसी भी स्थिति में कानून को हाथ में नहीं लें। पुलिस को किसी घटना की सूचना तुरंत दें।

**भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सुरक्षा** : सप्तमी, अष्टमी और नवमी के दिन ग्रामीण इलाकों से लाखों लोग शहरों की ओर आते हैं। उनके आवागमन के दौरान छिनतई, छेड़खानी और लूटपाट जैसी घटनाओं को रोकने के लिए विशेष रास्तों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। शहर के सटे इलाकों में पर्याप्त रोशनी की गई है।

**पूजा-पंडाल को लेकर जारी कुछ दिशा-निर्देश**

- पंडालों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं
- अग्निशमन से जुड़े उपकरण भी पर्याप्त संख्या में मौजूद हों
- पानी से भरे कुछ ड्रम भी पंडाल के पीछे वाले हिस्से में रखे जाएं, ताकि किसी आपात स्थिति में इनका उपयोग किया जा सके
- किसी पंडाल में कोई ऐसी झांकी, चित्र, स्लोगन या दृश्य प्रदर्शित नहीं होंगे, जिससे किसी की भावना आहत हो
- लाउडस्पीकर को निर्धारित डेसिबल के साउंड में ही बजाना है। रात 10 बजे के बाद इन्हें बंद कर देना है।

# भ्रष्टाचार के धृतराष्ट्र बने हुए हैं नीतीश कुमार : तेजस्वी यादव

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पत्रकार वार्ता में कहा कि बिहार सरकार प्रतिदिन 65 करोड़ रुपये कर्ज के रूप में चुका रही है। उन्होंने पूछा कि 3 लाख 17 हजार करोड़ के बजट, 58 हजार करोड़ के सप्लीमेंट्री बजट और 20 हजार करोड़ की आकस्मिक निधि के बाद बची 1 लाख 95 हजार करोड़ रुपये का उपयोग पुल, पुलिया, सड़क और बिल्डिंग निर्माण में कैसे किया गया।

**योजनाओं और घोषणाओं का विरोध** : तेजस्वी ने कहा कि मई से सितम्बर 2025 तक प्रधानमंत्री द्वारा 1 लाख 15 हजार करोड़ की योजनाओं की घोषणा हुई और मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा में 50 हजार करोड़ की घोषणाएं कीं। उन्होंने इस व्यय और राजस्व प्रबंधन पर मुख्यमंत्री से स्पष्ट जवाब देने की मांग की।




**भ्रष्टाचार और सीएजी मामलों पर आरोप** : यादव ने कई अधिकारियों और इंजीनियरों के घर बड़ी रकम और संपत्ति मिलने का उदाहरण देते हुए सवाल उठाया कि कार्रवाई क्यों नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पटना के सरकारी भवनों के झाड़ू-पोछे के लिए 700 करोड़ का ठेका दिया गया और राज्य में संगठित भ्रष्टाचार रिकॉर्ड किया गया है।

**महिला रोजगार योजना पर तीखा वार** : तेजस्वी ने 20 साल के राज में महिला रोजगार योजना के तहत प्रति महिला प्रति माह 500 रुपये मिलने की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार ने बच्चों का भविष्य और वर्तमान दोनों प्रभावित किया है और 2020 में कर्ज मुक्त महिला उद्यमी योजना के वादे पूरी तरह निष्पादित नहीं किए गए।

# बिहार के मोकामा में बनेगा भव्य तिरूपति मंदिर

**पटना,** (हि.स.)।

**01: तिरूमला तिरूपति देवस्थानम् परियोजना का पूरा निर्माण और प्रबंधन करेगा।**

---

**02 : मंदिर निर्माण से स्थानीय लोगों को रोजगार और क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास होगा।**

---



बिहार सरकार ने मोकामा में तिरुपति बालाजी की तर्ज पर एक भव्य धार्मिक स्थल बनाने की योजना की घोषणा की है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि इस परियोजना से मोकामा धार्मिक पर्यटन का नया केंद्र बनेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**तिरुपति देवस्थानम् की भूमिका** : तिरूपति देवस्थानम् अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सरकारी ट्रस्ट है, जो प्राचीन मंदिरों के प्रबंधन के साथ वेदपाठशाला, विश्वविद्यालय और अस्पताल भी संचालित करता है। मोकामा में मंदिर निर्माण का पूरा खर्च यह संस्थान वहन करेगा। राज्य सरकार भूमि को 99 साल की लीज पर केवल 1 रुपये टोकन शुल्क पर उपलब्ध कराएगी।

**सामाजिक-आर्थिक विकास और धार्मिक पर्यटन** : सम्राट चौधरी ने बताया कि इस परियोजना से मोकामा और आसपास के क्षेत्रों का सामाजिक-आर्थिक विकास होगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अलावा गया विष्णुपद मंदिर, मां जानकी मंदिर पुनौराधाम सहित अन्य प्रमुख मंदिरों को जोड़ते हुए धार्मिक पर्यटन कॉरिडोर का निर्माण होगा। इससे बिहार में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और राज्य का सांस्कृतिक महत्व भी बढ़ेगा।

**परियोजना की रूपरेखा और भूमि हस्तांतरण :**
राज्य सरकार ने पथ निर्माण विभाग की 10.11 एकड़ भूमि को पर्यटन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी है। यह भूमि गंगा नदी के किनारे स्थित है और प्राचीन काल से अंग, मगध और मिथिला जनपदों के संगम स्थल के रूप में ऐतिहासिक महत्व रखती है। भूमि पर तिरूमला तिरूपति देवस्थानम् आधुनिक सुविधाओं से युक्त सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थल का निर्माण करेगा।

## बिहार भाजपा ने की 45 सदस्यीय चुनाव अभियान समिति की घोषणा

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव अभियान समिति के सदस्यों के नाम की घोषणा कर दी है। भाजपा ने कुल 45 सदस्यों को चुनाव अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। सभी सदस्यों को अलग-अलग इलाके की कमान सौंपी जाएगी। इस सूची में दिग्गज नेताओं के साथ-साथ युवाओं को भी जगह दी गई है। बिहार भाजपा की ओर से जारी सूची में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज



सिंह, नित्यानंद राय, सतीश चन्द्र दुबे, पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, सांसद डॉ. संजय जायसवाल, गोपाल नारायण सिंह, रविशंकर प्रसाद, राजीव प्रताप रूड़ी और अश्विनी कुमार चौबे को शामिल किया गया है। इसके अलावा समिति में राज्य सरकार में मंत्री मंगल पाण्डेय, डॉ. प्रेम कुमार, राजभूषण निषाद, रेणु देवी, जनक राम, हरि सहनी, ऋतुराज सिन्हा, सैयद शाहनवाज हुसैन, रमा देवी, प्रदीप कुमार सिंह, जनार्दन सिंह सीग्रीवाल, गोपालजी ठाकुर, अशोक यादव, विवेक ठाकुर, शंभू शरण पटेल को शामिल किया गया है।

भाजपा की चुनाव अभियान समिति में धर्मशीला गुप्ता, कृष्ण कुमार ऋषि, अनिल शर्मा (बख्तियारपुर), कृष्ण कुमार मंटू, राम नारायण मंडल, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, वीरेन्द्र चौधरी, हरि मांझी, अशोक अग्रवाल, लालमोहन गुप्ता, बेबी कुमारी, शीला प्रजापति, यू.पी. शर्मा, राजेन्द्र चौपाल, उपेन्द्र प्रसाद, राम कुमार राय, विश्वमोहन कुमार और तल्लु वासकी भी शामिल हैं

# शारदीय नवरात्र : शहर में सज गया पाराशक्ति माँ देवी दुर्गा का मंदिर, देवी कालरात्रि की पूजा आज



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर शहर के सभी मंदिर और पूजन पंडाल श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति से सज गए हैं। आज से नवरात्र का उत्सव प्रारंभ हो गया है और श्रद्धालु देवी दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा कर रहे हैं।

रविवार कों शक्ति कि देवी माँ दुर्गा के छठे स्वरूप देवी कात्यायनी का पूजन वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधियों के अनुसार किया गया। पूर्णिया सिटी के काली मंदिर और पुरणदेवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने देवी के दर्शन कर धन, यश, विद्या और मोक्ष की प्रार्थना की। निजी घरों में भी जहाँ कलश प्रतिष्ठापना की गयी है पूजा आयोजित की गई।

जिले भर मे आस्था के अनेकों रंग देखने को मिल रहा है

नवरात्र की महासप्तमी के अवसर पर कालरात्रि की पूजा आज आयोजित की जाएगी। देवी का दर्शन भले ही भयंकर प्रतीत होता है, परंतु इसे शुभ फलदायी माना जाता है। मंदिरों में रात्रि में महानिशा पूजा और साधना का आयोजन होगा। ज्योतिष पंडितों के अनुसार,इस बार चतुर्थी तिथि कों लेकर नवरात्र ग्यारह दिनों का है,

**सज गया सम्पूर्ण शहर**

सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेले नवरात्र कों लेकर सम्पूर्ण शहर और गांव बाजार सज गया है नवरात्र पूजन उत्सव के दौरान शहर में नाट्य, लोकगीत, जगराता और डांडिया के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुलाबबाग, रजनी चौक, मधुबनी, दुर्गाबाड़ी सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में भव्य मेले आज से आज से सज गये हैं



**अष्टमी और नवमी व्रत की तिथि**

मंगलवार कों महाअष्टमी व्रत और बुधवार कों महानवमी और गुरुवार 2 अक्टूबर को विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा

**आज से श्रद्धालु लेंगे मेले का आनंद ।**

श्रद्धालु सज-धज कर उत्सव का आनंद ले रहे हैं।

श्रद्धा और भक्ति का उमंग मंदिरों और पूजन पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवी दुर्गा की पूजा के दौरान हर जगह श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। शहर के प्रमुख स्थलों पर पूजा और सांस्कृतिक आयोजनों की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सप्तमी कों लेकर आज पूजा पंडालों और मंदिरों में भीड़ उमड़ी और माता रानी के जयघोष से वातवरण भक्तिमय हो गया !

# पूर्णिया शहर में विधायक निधि से 74 लाख की लागत से सड़कों के निर्माण कार्य का : विधायक विजय खेमका ने किया शिलान्यास और उद्घाटन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया शहर में विधायक निधि से लगभग 74 लाख रुपये की लागत से कई पीसीसी सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास और उद्घाटन स्थानीय विधायक विजय खेमका ने किया। उन्होंने बताया कि नगर निगम के विभिन्न वार्डों—जिरोमाईल दमका राजभर टोला, गुलाबबाग, पोलोग्राउंड, सिंघिया, नेपालीपट्टी, एनामहल रूईगोला, खुशीबाग मिलानपाड़ा और नागेश्वरबाग़ में कुल 6 स्थानों पर नए निर्माण कार्य शुरू किए गए हैं, जबकि 4 स्थानों पर कार्य पूरा हो चुका है। इस दौरान भाजपा बूथ अध्यक्षों और स्थानीय नागरिकों ने श्रीफल तोड़कर कार्य का शुभारंभ किया और विधायक का स्वागत किया।



**मिलानपाड़ा और नागेश्वरवाद को मिलेगी नई सौगात**

मिलानपाड़ा कालीमंदिर के पास आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने घोषणा की कि एक बड़े तालाब और आधुनिक पार्क का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। वहीं, नागेश्वरवाद में सुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में गांव और शहर की हर गली तक सड़क पहुंच रही है। उनकी अनुशंसा पर बुडको द्वारा 30 सड़कों का निर्माण कार्य जारी है और शेष 29 सड़कों पर जल्द ही काम शुरू होगा।

**महागठबंधन पर तीखा हमला, एनडीए पर विश्वास जताया**

अपने संबोधन में विधायक विजय खेमका ने कहा कि मोदी और नीतीश की डबल इंजन की सरकार से लोगों को राशन, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं हर घर तक मिल रही हैं। विधायक ने महागठबंधन पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद के 'दो राजकुमार' बिहार में जंगलराज और भ्रष्टाचार वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं और बांग्लादेशी घुसपैठियों की वकालत कर रहे हैं।

उन्होंने भरोसा जताया कि पूर्णिया की जनता एक बार फिर कमल खिलाएगी और बिहार में एनडीए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी।

**जनसमर्थन से भरा रहा कार्यक्रम**

कार्यक्रम में एनडीए कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और विधायक का जोरदार स्वागत किया।

# उमंग महोत्सव-2025 का भव्य समापन, 25 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

## विशप फ्रांसिस तिर्की ने बच्चों को दी दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं, आयोजकों को साधुवाद

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

कैथोलिक स्कूल एसोसिएशन, पूर्णिया धर्मप्रान्त के तत्वावधान में आयोजित "उमंग महोत्सव-2025" का समापन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।जिले के 25 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विशप फ्रांसिस तिर्की, संट पीटर्स अंग्रेजी माध्यम,स्कूल के प्राचार्य फादर मनोज खलको और डॉन बॉस्को पूर्णिया के फादर अलेक्जेंडर टोपनो ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना महोत्सव का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर विशप फ्रांसिस तिर्की, ने बच्चों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। आयोजकों ने फादर, सिस्टर, शारीरिक शिक्षक और सांस्कृतिक प्रमुखों का धन्यवाद किया, जिनके मार्गदर्शन और मेहनत के बिना यह महोत्सव संभव नहीं था।



**प्रतिभागियों का प्रदर्शन :**

इस भव्य आयोजन में सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया बल्कि इस आयोजन ने बच्चों में अनुशासन, सहयोग और रचनात्मकता को बढ़ावा दिया।

**बच्चों और अभिभावकों को आनंद का अनुभव**

उमंग महोत्सव-2025" ने बच्चों और अभिभावकों को आनंद का अनुभव कराया और आने वाले वर्षों में इस आयोजन की और बड़ी सफलता की उम्मीद जगाई। "उमंग महोत्सव-2025 ने बच्चों की प्रतिभा और खेल भावना को उजागर किया। इतने बड़े आयोजन में उनके आत्मविश्वास और टीम वर्क दोनों विकसित हुए।



ईतने बड़े आयोजन में 25 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लिया, जिससे उनका आत्मविश्वास और टीम वर्क दोनों विकसित हुए। खेल सिर्फ जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों को अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व सिखाने का अवसर भी हैं। मैं सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूँ और फादर, सिस्टर और शिक्षकों को भी धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने बच्चों को तैयारी में मार्गदर्शन और प्रेरणा दी।

**फादर अलेक्जेंडर टोपनो**

# बिहार में महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपए मामले में कांग्रेस ने एनडीए सरकार पर लगाया 'सीधा घूस देने' का आरोप



01- जिला अध्यक्ष बिजेन्द्र यादव ने कहा, चुनाव से पहले जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास

02- 75 लाख महिलाओं के खाते में 7,500 करोड़ रुपए पहुँचे, लेकिन रोजगार सृजन पर नहीं हुआ ध्यान

03- गरीबों के साथी के रूप में कांग्रेस का दावा, अन्य पार्टियों पर आम जनता को छलाने का आरोप

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के बैंक खातों में 10 हजार रुपये सीधे जमा करने की योजना पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने तीखा हमला बोला है। जिला अध्यक्ष बिजेन्द्र यादव ने इसे 'सीधा घूस देने' का प्रयास बताया और कहा कि इससे बिहार की जनता को भ्रमित किया जा रहा है।

श्री यादव ने कहा कि राज्य में 75 लाख महिलाओं के खातों में कुल 7,500 करोड़ रुपए पहुँचाने का काम किया गया है, लेकिन इससे वास्तविक मदद नहीं हुई। अगर इसी राशि का उपयोग बिहार में नए कारखाने स्थापित करने और रोजगार सृजन में किया जाता, तो पलायन जैसी समस्याओं पर भी नियंत्रण पाया जा सकता था।

**गरीबो के दुख दर्द का सच्चा साथी कांग्रेस कों बताया**

उन्होंने कहा कि सदियों के इतिहास ने यह साबित किया है कि गरीबों की आवाज और उनके दुख-दर्द में सच्चा साथी केवल कांग्रेस रहा है। वहीं, अन्य राजनीतिक दलों द्वारा आम जनता अक्सर छल और धोखे का शिकार होती रही है। श्री यादव का यह बयान बिहार में चुनावी राजनीति और सरकारी योजनाओं के उपयोग को लेकर नए राजनीतिक सवाल खड़े करता है।

# स्वच्छता पखवाड़ा: छात्र-छात्राओं ने मां दुर्गा की झांकी के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश




**न्यूज़ स्केल कसबा**

प्रखंड कसबा के प्राथमिक विद्यालय राधा नगर में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा और स्वच्छता पखवाड़ा को जागरूकता देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर बच्चों ने मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की झांकी प्रस्तुत कर स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त वातावरण का संदेश दिया। झांकी में उन्होंने दिखाया कि जैसे मां दुर्गा बुराइयों का अंत करती हैं, वैसे ही स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त जीवन से गंदगी और प्रदूषण को समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया, लोगों को स्वच्छता अपनाने और प्लास्टिक मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रयास से ग्रामीणों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उत्साह और जागरूकता बढ़ी। बच्चों के इस अभिनव अभियान की स्थानीय लोगों में खूब सराहना हो रही है।

# पूर्णिया के सहयोग नर्सिंग होम में डॉ संजीव कुमार की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक सुना गया पीएम मोदी का "मन की बात

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

.रविवार को सहयोग नर्सिंग होम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" का प्रसारण बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व बिहार भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह संयोजक एवं पूर्णिया के प्रसिद्ध सर्जन डॉ. संजीव कुमार ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उनकी सराहना की। इस अवसर पर पीएम मोदी ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह को नमन किया और स्वर कोकिला लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।




उन्होंने छठ पूजा को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर बनाने के प्रयास का जिक्र करते हुए बिहार और देश की संस्कृति को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाने की पहल की। साथ ही, मोदी जी ने भारतीय नस्ल के कुत्तों की सीमा सुरक्षा में भूमिका और उनकी वफादारी को रेखांकित किया। उन्होंने खादी और स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया, जिसे

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण कदम बताया।इस मौके पर आशीष राय, प्रफुल्ल चंद्र झा, अजित कुमार, ओमप्रकाश यादव, राजीव कुमार, रंजना देवी, चंदन कुमार दास सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद सभी ने प्रधानमंत्री के संदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# सत्संग : मौक्ष प्राप्ति का सबसे बड़ा माध्यम है ध्यान और सत्संग — पूज्य धीरेन्द्र बाबा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया के फ्लावर मील रोड स्थित शिवपुरी संतमत सत्संग मंदिर में नवरात्रा के अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय ध्यान साधना शिविर के छठे दिन पूज्य धीरेन्द्र बाबा ने प्रवचन दिया। बाबा ने कहा कि मनुष्य का शरीर भगवत कृपा से मिला है और सभी योनियों में मानव योनी श्रेष्ठ है। उन्होंने बताया कि सत्संग और ध्यान के माध्यम से व्यक्ति परमतत्त्व को प्राप्त कर सकता है और आवागमन के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त कर सकता है। बाबा ने साधकों को गुरु की उपदेशानुसार सत्संग, भजन और ध्यान करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ध्यान से परम सुख और शांति मिलती है। शिविर में लगभग 25 बाहरी और 20 स्थानीय सत्संगी भाग ले रहे हैं। साधक दिन में पांच बार नियमित रूप से ध्यान कर रहे हैं और सत्संग, भजन, स्तुति-विनती, सद्ग्रंथ पाठ और आरती में हिस्सा ले रहे हैं। शिवपुरी संतमत सत्संग मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित कर रहे हैं। ट्रस्ट के सचिव अखिलेश मंडल लगातार 24 घंटे साधकों और संतों का ध्यान रख रहे हैं। शिविर में पूज्य धीरेन्द्र बाबा के साथ महेश्वर बाबा, रमेश बाबा, अवधेशानंद बाबा और मनिहारी के देवचन्द्र बाबा की उपस्थिति से साधक भाव विभोर होकर ध्यान का महत्व समझ रहे हैं। ध्यान साधना शिविर के सफल संचालन में ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदेव बाबा, सचिव अखिलेश मंडल, संरक्षक पवन कुमार पोद्दार, कोषाध्यक्ष संतलाल शरणागत, व्यवस्थापक भूपेन्द्र प्रसाद सिंह, सह व्यवस्थापक विजय प्रसाद साह, शिवनारायण जयसवाल, अशोक कुमार आलोक, शंभू सिंह, भद्रेश्वर मुखिया, विकास कुमार, शशिकला देवी, सर्वोत्तम कुमार भगत, शंभू कुमार ठाकुर, श्यामल किशोर यादव, ललिता केडिया, रविन्द्र साह और कुमार रंजन सहित स्थानीय सत्संगियों का सराहनीय योगदान रहा है।



## श्रीनगर थाना क्षेत्र में शराब सेवन के आरोप में तीन गिरफ्तार

श्रीनगर थाना पुलिस ने शराब का सेवन करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार अभियुक्तों में अनमोल ऋषि, पिता स्व. महेश्वर ऋषि, निवासी बैजनाथ नगर,जालिम ऋषि पिता जयलाल ऋषि, निवासी खोखा, और सपन मंडल पिता संजय मंडल, निवासी श्रीनगर, वार्ड नं. 7)। सभी अभियुक्त श्रीनगर थाना क्षेत्र के निवासी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि अनमोल ऋषि पूर्व के एक आपराधिक कांड में फरार चल रहे थे और उनकी गिरफ्तारी विशेष महत्व की है। अन्य दो अभियुक्तों के साथ उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# डांडिया : गुलाबबाग यूरोकिड्स स्कूल में नवरात्रि का रंगारंग उत्सव : भव्य डांडिया कार्यक्रम का आयोजन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

गुलाबबाग स्थित यूरोकिड्स स्कूल में नवरात्रि और दशहरे का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर गरबा और डांडिया में भाग लिया, जिससे उत्सव का माहौल और भी जीवंत हो गया।

**कठपुतली शो का आयोजन**

इस अवसर पर रामायण पर आधारित कठपुतली शो का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को धार्मिक और नैतिक शिक्षा दी गई। शो में राम, सीता और रावण के पात्रों के माध्यम से अच्छे और बुरे कर्मों का महत्व बताया गया। इसके बाद रावण दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीकात्मक संदेश दिया गया। रावण के दस सिरों को स्वार्थ, लालच, क्रोध, अहंकार और जलन जैसी बुराइयों का प्रतीक बताया गया, ताकि बच्चों में नैतिक मूल्यों की समझ बढ़ सके।स्कूल की डायरेक्टर कनिका दीक्षित ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में संस्कार और संस्कृति के प्रति प्रेम जगाने में मदद करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चे न केवल परंपराओं को समझते हैं, बल्कि उनमें सामूहिकता और अनुशासन भी सीखते हैं। इस कार्यक्रम ने बच्चों और अभिभावकों दोनों को उत्सव की खुशियों में भागीदार बनाया और नवरात्रि व दशहरे के महत्व को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।



संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# अच्छी पहल : पूजा पंडालों में उद्योग विभाग के स्टॉल से बढ़ेगा 'स्वदेशी अपनाओ' और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान का प्रभाव

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया में इस बार पूजा पंडालों के समीप उद्योग विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर खादी एवं लोकल उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला उद्योग केन्द्र और के०वी०आई०सी० के सहयोग से यह पहल ' स्वदेशी अपनाओ' अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। उक्त जानकारी जिला जन सम्पर्क कार्यालय द्वारा दी गयी है ! जिसमे बताया गया हा कि स्टॉलों पर खादी ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित वस्त्रों के साथ-साथ उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पाद और 'एक जिला, एक उत्पाद' को विशेष छूट पर बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

**जिला उद्योग केन्द्र प्रमुख ने किया निरीक्षण**

महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, पूर्णिया, संजीव कुमार ने स्टेशन क्लब के पास पंचमुखी मंदिर, पूर्णिया पूर्व में लगे स्टॉल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के



दौरान उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग का उद्देश्य बिहार की संस्कृति, परंपरा और स्थानीय उत्पादों को लोगों तक पहुँचाना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को और अधिक मजबूती मिलेगी।

**पंडालों के मूल्यांकन और पुरस्कार योजना**

उद्योग विभाग ने पंडालों में बिहार और भारत की विरासत एवं परंपरा पर आधारित प्रदर्शनी के आधार पर तीन सर्वश्रेष्ठ पंडालों को पुरस्कृत करने की योजना बनाई है। इसके लिए एक कमिटी का गठन किया गया है, जो पूर्णिया के प्रमुख पंडालों का स्वतः मूल्यांकन करेगी। इसके अतिरिक्त, अन्य पूजा समितियों को भी इस मूल्यांकन में भाग लेने का अवसर दिया गया है। इच्छुक समितियों को अपना विवरणी 30 सितम्बर 2025 तक ई-मेल डिक्पूर्णिया@gmail .com या जिला उद्योग केन्द्र, पूर्णिया में जमा कराना होगा। इक्षुक व्यक्ति के संपर्क के लिए फ़ोन नंबर 7320923251 दिया गया है।

**स्थानीय संस्कृति और उद्योग को मिलेगी पहचान**

इस पहल से न केवल खादी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा,
बल्कि स्थानीय उद्यमियों को भी अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का अवसर मिलेगा। उद्योग विभाग की यह योजना त्योहार और संस्कृति के माध्यम से लोगों को 'लोकल को अपनाने' और 'स्वदेशी वस्त्रों' के महत्व को समझाने में भी मदद करेगी।

01- उद्योग विभाग का उद्देश्य बिहार की संस्कृति, परंपरा और स्थानीय उत्पादों को लोगों तक पहुँचाना है।

02- यह पहल 'स्वदेशी अपनाओ' अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।

03- उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पाद और 'एक जिला, एक उत्पाद' को विशेष छूट पर बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

04- उद्योग विभाग ने पंडालों में बिहार और भारत की विरासत एवं परंपरा पर आधारित प्रदर्शनी के आधार पर तीन सर्वश्रेष्ठ
पंडालों को पुरस्कृत करने की योजना बनाई है।

---

**जितेंद्र यादव ने घर-घर पहुंचाया 'गारंटियों का गुलदस्ता', महागठबंधन सरकार बनाने की अपील**

## पूर्णिया में कांग्रेस का जनसंपर्क अभियान तेज

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की गारंटियों का संदेश लेकर लोगों तक पहुंच रहे हैं। रविवार को उन्होंने पूर्णिया पूर्व प्रखंड के ग्राम पंचायत वीरपुर पोखरिया वार्ड नंबर 1 और 2 में घर-घर संवाद किया और कांग्रेस की "घर-घर अधिकार योजना" के तहत महागठबंधन सरकार बनाने की अपील की।

**लोगों की समस्याएं सुनीं, समाधान का भरोसा**

जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार से जुड़ी समस्याएं साझा कीं। कांग्रेस नेता ने उन्हें आश्वस्त किया कि महागठबंधन की सरकार बनते ही इन मुद्दों पर तत्काल काम होगा। स्थानीय लोगों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत कर गर्मजोशी का परिचय दिया



**कांग्रेस की गारंटियों का गुलदस्ता**

जितेंद्र यादव ने कांग्रेस द्वारा घोषित प्रमुख गारंटियों को लोगों से साझा किया—
हर परिवार को रोजगार का सहारा व दो लाख तक मदद
हर विधानसभा क्षेत्र में पाँच करोड़ का स्टार्टअप फंड
हर परिवार को 25 लाख तक का मुफ्त इलाज
8वीं से 12वीं तक हर बच्चे को मुफ्त टैबलेट व लैपटॉप

**हर जिले में अंग्रेजी मीडियम मॉडल स्कूल**

साथ ही, उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब भर्ती परीक्षा में पेपर लीक नहीं होगा और समय पर परीक्षा व रिजल्ट सुनिश्चित किया जाएगा।जनता के बेटे-भाई के रूप में सेवा करूंगा" लोगों से संवाद करते हुए जितेंद्र यादव ने कहा,मैं कोई बड़ा नेता नहीं, बल्कि आप सभी की तरह इस मिट्टी में पला-बढ़ा आपका बेटा और भाई हूं। आपके दुख-दर्द और उम्मीदें मेरी अपनी हैं।"उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटियों में गरीब परिवारों को पांच डिसमिल जमीन, हर घर को 200 यूनिट मुफ्त बिजली और हर बहन के खाते में ₹2500 प्रतिमाह जैसी योजनाएं शामिल हैं। साथ ही पंचायत व निकाय चुनावों में ईबीसी के लिए 65% तक आरक्षण का आश्वासन दिया।

**एनडीए पर साधा निशाना**

जितेंद्र यादव ने कहा कि सत्ताधारी दल चुनाव आते ही तरह-तरह के प्रलोभन देकर जनता को बरगलाने का काम करता है। लेकिन अब लोग डबल इंजन सरकार की मंशा समझ चुके हैं और इस बार सत्ता परिवर्तन कर महागठबंधन की सरकार बनाएंगे।

**मौके पर बड़ी संख्या में लोग रहे मौजूद**

जनसंपर्क अभियान में वीरपुर पैक्स अध्यक्ष मो. तोफिक आलम, मो. राजीद, मो. परवेज, मो. इजरायल, मो. इम्तियाज, मो. मुस्ताक, मो. अशफाक, दिलीप चौधरी, मुकेश राय समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

---

## मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने त्योहारों की सांस्कृतिक गरिमा और नारी शक्ति पर दिया बल

**बिहार के सर्वाधिक लोकप्रिय पर्व छठ पूजा को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय पहचानः भाजपा जिलामंत्री नूतन गुप्ता**

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

भारतीय जनता पार्टी की जिलामंत्री श्रीमती नूतन गुप्ता ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रिय संवाद कार्यक्रम 'मन की बात' के 126वें संस्करण को युवाओं के साथ आत्मीयता से सुना।




**पीएम की मन की बात छठ पूजा एवं दुर्गा पूजा की सांस्कृतिक गरिमा को समर्पित रहा।**

श्रीमती नूतन बताया कि यह विशेष प्रसारण मुख्यतः नारी शक्ति, त्योहारों और आने वाले महापर्व जैसे छठ पूजा एवं दुर्गा पूजा की सांस्कृतिक गरिमा को समर्पित रहा। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने विचारों में त्योहारों की सामाजिक एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का उल्लेख करते हुए देशवासियों के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं की गहराई साझा की। इस दौरान पीएम मोदी ने विशेष रूप से छठ पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रतीक बताया।

**छठ महापर्व को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कराने का प्रयास**

भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी घोषणा की कि भारत सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कराने का प्रयास कर रही है। गुप्ता ने कहा कि जब छठ पूजा इस सूची में शामिल हो जाएगी, तो दुनिया भर के लोग इसकी भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर सकेंगे।

**पीएम की मन की बात कार्यक्रम नागरिकों के लिये प्रेरणादायी**

जिलामंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में नागरिकों की प्रेरणादायी उपलब्धियों को साझा कर आत्मनिर्भर एवं उन्नत भारत की शक्ति को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर खरीदने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थानीय उत्पाद खरीदना न केवल पारंपरिक उद्योगों को मजबूती देता है, बल्कि इनसे जुड़े परिवारों को भी सीधा लाभ पहुंचाता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलती है। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि "मन की बात कार्यक्रम, हमेशा की तरह इस बार भी सकारात्मक, प्रेरक और राष्ट्र निर्माण की ठोस सीख देने वाला रहा।"

---

## पूर्णिया में नाला निर्माण कार्य पर महापौर के निर्देश पर , कांग्रेस नेता ने किया स्थल निरीक्षण

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

वार्ड 24 में नाला निर्माण के टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाउजूद निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किये जाने एवं स्थानीय स्तर पर जल जमाव की समस्या कों लेकर स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना महापौर विभा कुमारी कों दी गयी, जिसपर संज्ञान लेता हुए महापौर विभा कुमारी के दिशा-निर्देश पर रविवार को कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव ने नगर निगम वार्ड नंबर 24 नेवालाल चौक से नेता जी चौक तक नाला निर्माण हेतु चयनित स्थल का जायजा लिया। इस निरीक्षण के दौरान नगर निगम के जेई और संवेदक से चर्चा कर जल्द निर्माण कार्य शुरू



कराने के निर्देश दिए गए।

**समस्याओं के समाधान और शहरी विकास पर जोर**

इस क्रम में वार्ड संख्या 11 के पॉलीटेक्निक चौक पर भी स्थानीय लोगों ने नाला निर्माण की आवश्यकता जताई। कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव ने उनकी समस्याएं महापौर तक पहुँचाया । महापौर ने कहा कि नाले के निर्माण हेतु जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा, ताकि लोगों को जलजमाव की समस्या से निजात मिले।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद ममता सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ललनेश सिंह, मनोज साह, पूर्व वार्ड पार्षद नीतू दास, दिलीप चौधरी, रामसेवक सिंह, रंजीत सिंह, भोला चौधरी, अशोक चौधरी, रमेश चौधरी और दिनेश शर्मा सहित कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**स्थानीय लोगों से की चर्चा,**

इस मौक़े पर श्री यादव ने स्थानीय लोगों के साथ बातचीत की इस दौरान विभिन्न विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा हुई और उनके सुझाव प्राप्त किए । महापौर ने इन सुझावों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नाला का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होने और निर्माण कार्य के पूरा होने से स्थानीय लोगों को जलजमाव की समस्याओं से राहत मिलेगी !

---

### भवानीपुर पुलिस ने फरार शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**न्यूज स्केल भावनीपुर**

भवानीपुर थाना पुलिस ने कांड संख्या 147/25 के तहत फरार चल रहे शराब तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त राजीव साह उर्फ राजू साह ( 48 वर्ष), पुत्र धोधाई साह, निवासी धाटा टोला, थाना भवानीपुर, का रहने वाला है ! पुलिस सूत्रों के अनुसार, राजीव साह पहले भी कम से कम 10 शराब तस्करी के मामलों में आरोपी रह चुका है। उसे कई बार गिरफ्तार किया गया, लेकिन वह बार-बार जमानत पर रिहा होकर अवैध शराब की तस्करी करता रहा। थाना पुलिस ने लगातार छानबीन और गुप्त सूचना के आधार पर उसे पकड़ लिया है ! उसकी गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को भवानीपुर थाना लाया गया और उससे आवश्यक पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है और अभियुक्त के द्वारा अवैध शराब तस्करी में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

## गंगा स्नान के दौरान डूबने से चाचा भतीजा की मौत

**न्यूज़ स्केल,बड़हरा कोठी।**

बड़हरा कोठी प्रखंड अंतर्गत ठाड़ी पंचायत के वार्ड संख्या 5 जयनगरा गांव से एक परिवार से उठी दो अर्थियों ने आमलोगों को झकझोड़ दिया है। एक परिवार से चाचा और भतीजा की टिनतंगा जहाजघाट पर गंगा स्नान के दौरान शनिवार को एक साथ डूबने से हुई मृत्यु की खबर से हर कोई मर्माहत है। महानवमी के अवसर पर परिवार के साथ हुए इस हादसे के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों द्वारा पीड़ित परिवार को ढांढस दिया जा रहा है। बताते चलें कि ठाढ़ी पंचायत के वार्ड 5 जयनगरा



गांव निवासी उपेन्द्र सहनी की मां की मृत्यु दिनांक 7 सितंबर 25 को हुई थी। 20 सितंबर को श्राद्ध कर्म सम्पन्न होने के बाद शनिवार को परिवार के सभी लोग जयनगरा गांव से टेम्पो से तिनटंगा जहाज धाट गंगा स्नान को गए थे। गंगा स्नान के दौरान कैलाश सहनी का 15 वर्षीय पुत्र तूफान कुमार डूबने लगा। भतीजा को डूबता देख उपेंद्र सहनी का 25 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार उसे बचाने लगा लेकिन दोनों डूब गया। डूबने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा दोनों के शव को निकाला गया। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव के गांव पहुंचते ही गांव में चीत्कार मच गया। डेढ़ वर्ष पूर्व व्याही नीतीश सहनी की विधवा जुली कुमारी नौ माह की बच्ची को गोद मे लिए दहाड़ें मार मार कर रो रही थी और मां दुर्गा को कोस रही थी। इस प्रकार की घटना को सुन हरकोई मर्माहत है।

---

## केनगर प्रखंड के बिठनौली पूरब व बनभाग में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन, एनडीए की जीत पर जोर

**न्यूज स्केल केनगर**

पूर्णिया जिले के केनगर प्रखंड में बिठनौली पूरब पंचायत के बैरगाछी गाँव और बनभाग चुनापुर पंचायत के बनभाग गाँव की बड़ी जामा मस्जिदों में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष गुलाम रसूल बलियावी ने मुस्लिम समुदाय के साथ जन संवाद कार्यक्रम के तहत जनसभा आयोजित की। सभा की अध्यक्षता जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष दाउद आलम ने की। बलियावी ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियों को उजागर करते




हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में हुए सुधार उनकी सरकार की सफलता हैं, जबकि विपक्ष केवल भ्रम फैलाने का काम करता है। उन्होंने 2007 में कब्रिस्तानों की घेराबंदी और 2018 में अल्पसंख्यक बच्चों के लिए आवासीय स्कूल की व्यवस्था जैसे कार्यों का उल्लेख किया। बलियावी ने जनता से अपील की कि वे जाति या दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर विकास को प्राथमिकता दें और जदयू विधायक लेशी सिंह के पक्ष में वोट करें। सभा में जदयू के अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मो0 मुर्तजा, मो0 आलम, मो0 नोमान, मो0 राशिद और मो0 हसमत राही ने भी भाषण देकर एनडीए घटक दलों की सराहना की सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

---

## आस्था : एक ऐसा शक्तिपीठ जहां दो पिंड की होती है पूजा

**न्यूज स्केल, बनमनखी**

पूर्णिया जिले के बनमनखी प्रखंड अंतर्गत काझी हृदयनगर स्थित हृदेश्वरी दुर्गा शक्तिपीठ की ख्याति न केवल बिहार और सीमांचल क्षेत्र में है, बल्कि इसकी पहचान विदेशों तक फैली हुई है। मान्यताओं के अनुसार यहां मां सती का हृदय गिरा था, इसलिए इस स्थान को हृदयनगर कहा जाता है। पुराणों में वर्णित 52 शक्तिपीठों में यह एक प्रमुख



स्थल माना जाता है।

**श्रद्धालुओं का आस्था केंद्र**

इस मंदिर में बिहार, झारखंड, बंगाल, कोशी-सीमांचल के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। मंदिर की महत्ता इतनी अधिक है कि यहां नवरात्र के समय भक्तों का तांता लगा रहता है।

**अद्भुत शक्तियों का स्थान**

मान्यता है कि हृदेश्वरी शक्तिपीठ में अद्भुत शक्तियां विद्यमान हैं। यही कारण है कि यहां तांत्रिक भी साधना करने आते हैं। मंदिर में मां भगवती का मिट्टी का दो उभर पिंड है, जिसकी ही पूजा-अर्चना की जाती है।

**नवरात्र की विशेष पूजा**

नवरात्र के अवसर पर मां के चरणों में प्रसाद और चुनरी चढ़ाने के साथ-साथ पारंपरिक खोयंछा भराई की रस्म निभाई जाती है। अष्टमी की रात विशेष निशा बलि पूजा का आयोजन होता है। इसके बाद माता का पट खोला जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां की पूजा-अर्चना से हर सच्ची मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।

**भव्य स्वरूप में शक्ति पीठ**

बुजुर्ग बताते हैं कि पूर्व में यह मंदिर एक झोपड़ी नुमा घर था, जहां मां भगवती के दो पिंड की पूजा होती थी। लेकिन समय के साथ आज यह स्थल एक भव्य और विशाल मंदिर का रूप ले चुका है, जिसकी भव्यता देखते ही बनती है।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# आस्था : अपने पूर्णिया में हाई-कॉस्ट पंडालों का जादू, 12 लाख से 40 लाख रुपये तक के सात प्रमुख पंडाल बने आकर्षण का केंद्र

## सप्तमी पूजा पर दिखेगा अंग और बंग के समृद्ध साझा संस्कृति का रोमांच ,ढोल-ढाक की थाप के बीच श्रद्धालु करेंगे:देवी दर्शन,

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया,**

इस वर्ष पूर्णिया शहर के दुर्गा उत्सव में शहरवासियों को माँ दुर्गा के भव्य स्वरूप और असाधारण पूजा पंडालों का अद्‌भुत नजारा देखने को मिलेगा। शहर में इस बार कोलकाता, पटना और रांची जैसी रौनक दिखाई देगी। लोग न केवल इनोवेटिव थीम वाले पंडालों का आनंद लेंगे, बल्कि इनमें असम, बंगाल और उत्तराखंड की कला व संस्कृति की झलक भी देख पाएंगे। इस वर्ष दुर्गा पूजा का सबसे बड़ा आकर्षण कप्तानपुल स्थित 40 लाख रुपये की लागत से बना भव्य पंडाल है, जो असम की चटाई और बंगाल के बांस से बंगाल के कारीगरों द्वारा निर्मित किया गया है। इसके अलावा इस पंडाल में बंगाली वर्ण लिपि के साथ अंग और बंग की समृद्ध संस्कृति की झलक भी दिखेगी !



### पूर्णिया मे नवरात्र प दिखेगा अंग और बंग की साझी संस्कृति की झलक

पूर्णिया में इस वर्ष दुर्गा पूजा में अधिकांश पंडालों और प्रतिमाओं को बंगाल से आए कारीगरों की देखरेख में भव्य रूप दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि इस बार की पूजा में बंगाली संस्कृति की गहरी छाप दिखाई देगी और शहरवासियों को एक यादगार उत्सव का अनुभव मिलेगा।

**आकर्षक पूजा पंडालों से सजा अपना शहर**

इसके अलावे पूर्णिया स्टेशन रोड स्थित प्रभात पाठागार में उत्तराखंड के प्रसिद्ध केदारनाथ मंदिर पर आधारित थीम वाले पंडाल भी शहर में बनाए गए हैं।

**शहर के प्रमुख पंडालों का कुल बजट 12 लाख से 40 लाख रुपये तक है।**

दशहरा पूजा को खास बनाने के लिए शहर की प्रमुख पूजा समितियां दिन-रात तैयारियों में जुटी हैं। पंडालों और प्रतिमाओं को भव्य और आकर्षक रूप देने के लिए बंगाल से आए कारीगर पिछले एक महीने से मेहनत कर रहे हैं। लोग बेसब्री से सप्तमी पूजा का इंतजार कर रहे थे ।

**शहर के सात प्रमुख हाई-कॉस्ट पंडाल**

**1 कप्तानपुल - ग्रीनवैली (40 लाख)**

फ्रेंडशिप क्लब दुर्गा पूजा समिति द्वारा स्थापित यह पंडाल असम की चटाई और बंगाल के बांस से बना है। 55 फीट ऊंचा और 70 फीट चौड़ा यह शहर का सबसे महंगा पंडाल है। इसमें पंडाल निर्माण पर 25 लाख, लाइटिंग पर 7 लाख और प्रतिमा पर 3.50 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

**2 भट्टा दुर्गाबाड़ी (35 लाख)**

पिछले 110 साल से पूजा की परंपरा निभाने वाले इस पंडाल का थीम बांग्ला वर्ण लिपि पर आधारित है। षष्टी पूजा की रात 10 बजे ढाक, ढोल और मृदंग के बीच माता के दर्शन होंगे।

**3 सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, गुलाबबाग (25 लाख)**

पुराना सिनेमा रोड स्थित यह पंडाल इस बार 1000 बंगाली साड़ियों से सजाया गया है। 700 मीटर तक फैली सजावट में 'ऑपरेशन सिंदूर' की झलक दिखाई देगी।

**4 रजनी चौक पूजा समिति (20 लाख)**

पंडाल को बंगाल के मंदिर के तर्ज पर तैयार किया गया है। प्रतिमा और लाइटिंग का खर्च भी इसी में शामिल है। पंडाल के संरक्षक सांसद पप्पू यादव हैं।

**5 दुर्गा मंदिर, मधुबनी (18 लाख)**

1917 से बंगाली विधि-विधान के अनुसार पूजा करने वाले इस मंदिर में पंडाल बंगाल के प्रसिद्ध टेंपल की थीम पर तैयार किया गया है। सप्तमी को शाम 4:30 बजे दर्शन के लिए पट खोला जाएगा।

**6 प्रभात पाठागार, खुश्कीबाग (15 लाख)**

उत्तराखंड के प्रसिद्ध केदारनाथ मंदिर की थीम पर तैयार किया गया यह पंडाल आकर्षक लाइटिंग और बंगाली छाप वाली प्रतिमा के लिए जाना जाएगा।

**7 बाड़ीहाट दुर्गा पूजा समिति (12 लाख)**

1966 से पूजा की परंपरा निभा





रहे इस पंडाल को भी केदारनाथ टेंपल की थीम पर सजाया गया है। षष्टी पूजा की रात 9 बजे दर्शन के लिए पट खोला जाएगा।

# प्रधानाध्यापक ललित कुमार झा के सेवानिवृति पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

**न्यूज़ स्केल हरदा**

कृत्यानंद नगर प्रखंड के मध्य विद्यालय सोसा में प्रधानाध्यापक के पद पर पदास्थापित ललित कुमार झा के सेवानिवृति पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष सोनी देवी समेत अन्य सदस्यों ने उन्हें पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौक़े पर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष उदय शुक्ला, बरुण साह, उप मुखिया निरंजन मंडल, और संजीव चौबे ने कहा कि प्रधानाध्यापक ललित



बाबू के कार्यकाल में स्कूली बच्चों का पठन-पाठन और गतिविधियां सराहनीय रही। वे हमेशा छात्रों और अभिभावकों के कल्याण के लिए सजग रहे। आयोजन में शामिल ग्रामीणों में प्रिंस चौबे, मनोज चौबे, मुकुंद मंडल, संतोष मंडल, भूलन झा, सुरेश मंडल, विकास मंडल ने भी उनके योगदान की सराहना की और दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान पूर्व प्रधानाध्यापक कों विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और समय-समय पर विद्यालय में मार्गदर्शन करने का अनुरोध किया।

# दमका राजभर टोला में 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण, विधायक विजय खेमका ने किया एनडीए सरकार बनाने का आह्वान

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सीधा प्रसारण रविवार को गुलाबबाग जीरोमाइल स्थित दमका राजभर टोला में बड़े उत्साह और जोश के साथ सुना गया। इस अवसर पर सदर विधायक विजय खेमका, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी वीर भगत सिंह और भारत की स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए उनके योगदान को



अविस्मरणीय बताया। उन्होंने समुद्र यात्री बनी भारतीय महिला के साहसिक प्रयास की सराहना की और देशवासियों से 'वोकल फॉर लोकल' अपनाने तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। साथ ही, आगामी त्योहारों की सभी को शुभकामनाएं दीं।

श्रवण के उपरांत विधायक विजय खेमका ने कहा कि प्रधानमंत्री की 'मन की बात' हर भारतीय को नई ऊर्जा और प्रेरणा देती है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से आह्वान किया कि वे पूर्णिया में फिर से कमल खिलाएं और बिहार में एनडीए की सरकार बनाएं।

इस मौके पर मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास पर भरोसा जताते हुए जोरदार नारे लगाए और संकल्प लिया कि केंद्र सरकार की योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाया जाएगा।

# पूर्णिया में सरिता राय ने गृहमंत्री शाह से की मुलाकात



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य पूर्व वार्ड पार्षद सरिता राय ने चूनापुर सैन्य हवाई अड्डा पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। श्रीमती राय ने पुष्पगुच्छ देकर गृहमंत्री का स्वागत किया। सरिता राय ने बताया कि श्री शाह ने कार्यकर्ताओं को अपने चिर-परिचित अंदाज में जीत का मंत्र दिया। गृहमंत्री ने कहा कि यह चुनाव बिहार से घुसपैठियों को खदेड़ने का है। श्रीमती राय ने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनेगी।

# पंचायतों में 10 अक्टूबर तक लिए जाएंगे राशन कार्ड आवेदन

## बनमनखी अनुमंडल में रोस्टर जारी, विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने दी जानकारी

**न्यूज स्केल, बनमनखी।**

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार राशन कार्ड से वंचित परिवारों के लिए सरकार ने विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत पंचायतों में शिविर लगाकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के अंतर्गत लाभुकों को जोड़ा जाएगा। बनमनखी विधायक सह सचेतक कृष्ण कुमार ऋषि ने जानकारी दी कि अनुमंडल स्तर पर रोस्टर जारी कर दिया गया है।

शिविर स्थल पर होंगे अधिकारी व प्रतिनियुक्ति कर्मी

विधायक ऋषि ने बताया कि पंचायत भवन या सामुदायिक भवन में शिविर लगाए जाएंगे। शिविर स्थल पर अधिकारी और प्रतिनियुक्त कर्मी लैपटॉप के साथ उपस्थित रहेंगे और लाभुकों के आवेदन को बिहार सरकार के पोर्टल



पर ऑनलाइन दर्ज करेंगे। आवेदकों को उसकी पावती भी उपलब्ध कराई जाएगी।

दस्तावेज और प्रचार-प्रसार का निर्देश

अनुमंडल पदाधिकारी, बनमनखी ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और कार्यरत कर्मियों को निर्देश दिया है कि व्यापक प्रचार-प्रसार कर लाभुकों को आवश्यक दस्तावेज की जानकारी दी जाए। नए राशन कार्ड बनाने, नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया विभागीय नियमों के अनुरूप ही होगी।

अनुमंडल में लाखों को लाभ

बनमनखी विधायक ने बताया कि वर्तमान में प्रखंड में कुल पीएचएच कार्ड 67,738 और अंत्योदय कार्ड 6,325 हैं। अनुमंडल के लगभग 2 लाख 90 हजार पात्र लाभुक सीधे इस योजना का लाभ ले रहे हैं। वहीं, पहले से बने राशन कार्ड का वितरण भी जारी है।

पंचायतवार शिविर कार्यक्रम (23 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2025)

23 सितम्बर – अभय राम चकला (अनिल कुमार), बोहरा (सोनू कुमार)
24 सितम्बर – चांदपुर भंगहा (सोनू कुमार), धरहरा (सोनू कुमार)
25 सितम्बर – धरहरा चकला भुनाई (प्रेम कुमार, पिंटू महतो)
26 सितम्बर – हरीमुढी (मोहम्मद जफर), जीयन गंज (अनिल कुमार)
27 सितम्बर – काझी हृदय नगर (दिलीप कुमार चौधरी), कोसी शरण देवोतर (दिलीप कुमार चौधरी)
3 अक्टूबर – कचहरी बलुवा (संजय कुमार, प्रेमचंद कुमार)
4 अक्टूबर – महादेवपुर (अनिल कुमार), महाराजगंज-1 (पिंटू महतो)
5 अक्टूबर – महाराजगंज-2 (पिंटू महतो), मझुआ प्रेमराज (संजय कुमार)
6 अक्टूबर – मोहनिया चकला (प्रेम कुमार), नौलखी (मोहम्मद जफर)
7 अक्टूबर – पिपरा (प्रेमचंद कुमार)
8 अक्टूबर – रामनगर फरसही मिलिक (दिलीप कुमार चौधरी)
9 अक्टूबर – रामपुर तिलक (मोहम्मद जफर), रुपौली दक्षिण (प्रेम कुमार)
10 अक्टूबर – रुपौली दक्षिण (प्रेम कुमार), रुपौली उत्तर (संजय कुमार), सहुरिया सुवहाय मिलिक (प्रेमचंद कुमार)

इन सभी पंचायतों में कार्यपालक सहायकों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिन्हें वंचित पात्र परिवारों का राशन कार्ड बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# पूर्णिया 62 विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश सिंह ने फूंका चुनावी बिगुल, मिला ग्रामीणों का समर्थन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया पूर्व**

पूर्णिया 62 विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज होने लगी है। इसी कड़ी में पूर्णिया पूर्व प्रखंड के बिलरिया गांव निवासी किसान पुत्र मुकेश सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा कर दी है। रविवार को सर्वोदय आश्रम, रानीपतरा में आयोजित जनसभा के दौरान उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपने चुनाव अभियान की शुरुआत की।

सभा में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर, महिलाएँ और युवा उपस्थित थे, जिन्होंने मुकेश सिंह को समर्थन देने का ऐलान किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज किसान, मजदूर



और युवाओं की समस्याओं पर किसी की गंभीरता नहीं है। उन्होंने बताया कि किसानों को उनके हक और अधिकारों से वंचित किया जा रहा है, जिससे उनका जीवन कठिन हो गया है। मुकेश सिंह ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का हवाला देते हुए कहा कि संविधान वंचितों और कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए बनाया गया था, लेकिन आज इसे कुछ सामंती ताकतें दुरुपयोग कर रही हैं।

मुकेश सिंह ने भरोसा जताया कि जनता के सहयोग से वह चुनाव जीतकर किसानों, मजदूरों और युवाओं के हक की लड़ाई लेंगे। रानीपतरा में हुई इस सभा के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि वह पारंपरिक राजनीति से हटकर जनता के बीच रहकर समस्याओं का समाधान करेंगे। मौके पर पैक्स अध्यक्ष रूपेश यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि आशीष यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष यशवंत यादव, सरपंच शोभेलाल यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# बड़हरा थाना ने पकड़ी 5 लीटर देशी शराब, अभियुक्त गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल बड़हरा कोठी**

गुप्त सूचना के आधार पर बड़हरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 05 लीटर देशी शराब जप्त की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जगत मुर्मू (उम्र 58 वर्ष), पिता स्व. मणि मुर्मू, निवासी सुखसेना कुरैल टोला, थाना बड़हरा,



जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। थाना के अधिकारियों ने बताया कि अभियुक्त से शराब जब्त करने के बाद उसे हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आगे कहा कि मामले की अग्रिम जांच और कार्रवाई जारी है। यह कार्रवाई क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# गढ़बनैली दशहरा मेला: इतिहास की याद दिलाता त्योहार, आज भी लोगों के मानस पटल पर है जीवित

**न्यूज़ स्केल कसबा**

गढ़बनैली दशहरा मेला भले ही अब उतना भव्य रूप से आयोजित न होता हो, लेकिन इसकी ऐतिहासिकता और महिमा आज भी लोगों के दिलों और यादों में जिंदा है। यह मेला 1920 ईस्वी में गढ़बनैली के राजा रामानंद सिंह द्वारा शुरू किया गया था। उसी समय दुर्गा मंदिर में शक्ति पीठ की स्थापना और तांत्रिक विधि से दुर्गा पूजन का आयोजन हुआ।



**गढ़बनैली दशहरा मेला की** शक्ति पीठ की खासियत के कारण यह मेला केवल बिहार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नेपाल समेत अन्य प्रांतों से भी लोग इसमें शामिल होने आने लगे। भीड़ और उत्साह के कारण मेला में चार चांद लग गए।

**ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रसिद्धि :** गढ़बनैली दशहरा मेला की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रसिद्धि को लेकर हिन्दी साहित्य के सुप्रसिद्ध लेखक फणीश्वरनाथ रेणु ने 'तीसरी कसम' (मारे गए गुलफाम) पर कहानी लिखी। बाद में इस कहानी पर फिल्मांकन हुआ और फिल्म की शूटिंग के कई दृश्य मेला और गढ़बनैली रेलवे स्टेशन पर किए गए। इस फिल्म के नायक राजकपूर और नायिका वहीदा रहमान के रोमांटिक दृश्य ने मेला और स्थान की लोकप्रियता को और बढ़ा दिया।

**राजा रामानंद सिंह कला और संस्कृति के बहुत प्रेमी थ :**

मेला के आयोजक राजा रामानंद सिंह कला और संस्कृति के बहुत प्रेमी थे। मेला में तरह-तरह के खेल, मनोरंजन के साधन और मनुष्य उपयोगी वस्तुओं की दुकानें लगाई जाती थीं। यह मेला लगभग डेढ़ महीने तक चलता था। आज भले ही गढ़बनैली दशहरा मेला अपना पुराना रूप खो चूका है, लेकिन फिल्म 'तीसरी कसम' के गीत और मेला के दृश्य आज भी लोगों की यादों में बसे हुए हैं। यह मेला आज भी दशहरा के समय लोगों के मानस पटल पर गहरी छाप छोड़ता है और पुराने जमाने की यादें ताजा कर देता है।

# कटिहार में दशहरा पर्व पर फ्लैग मार्च – सुरक्षित और शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित



**कटिहार:** कटिहार जिले के शहरी क्षेत्रों में दशहरा पर्व (दुर्गा पूजा) को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने विशेष सुरक्षा उपाय अपनाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, कटिहार के नेतृत्व में जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों और पूजा पंडालों के आसपास फ्लैग मार्च निकाला गया।

**फ्लैग मार्च का उद्देश्य:** फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य जनता में सुरक्षा और शांति का संदेश देना था। साथ ही यह कार्रवाई किसी भी अप्रिय घटना या दंगा-फसाद की आशंका को रोकने के लिए थी। मार्च में सभी थाना क्षेत्रों के पुलिस बलों, आरक्षक एवं जिला प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया।

**सुरक्षा व्यवस्था और टीम तैनाती:** फ्लैग मार्च के दौरान जिले के संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए। सभी प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी गई। पुलिस ने भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्थापन और आपातकालीन सेवा के लिए विशेष तैयारियां कीं। इसके अतिरिक्त, जिला प्रशासन ने जनता को शांतिपूर्ण रूप से त्योहार मनाने हेतु अपील की।

**जनता की सहभागिता और प्रतिक्रिया:** : फ्लैग मार्च का जनता में सकारात्मक प्रभाव देखा गया। स्थानीय लोग और दुकानदार प्रशासन और पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए सुरक्षित और संयमित ढंग से पूजा आयोजन में सहयोग कर रहे थे। प्रशासन ने सभी से सुरक्षित और आनंदमय दशहरा पर्व मनाने का अनुरोध किया। इस प्रकार, कटिहार जिले में दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की यह पहल एक सफल कदम साबित हुई।

## दुर्गापूजा के मद्देनजर कटिहार रेलमंडल में बढ़ाई गई सुरक्षा

**कटिहार,** (हि.स.)। कटिहार रेलमंडल अंतर्गत दुर्गापूजा के दौरान परदेस से घर लौटने वाले लोगों से ट्रेनों और प्लेटफार्म पर बढ़ती भीड़ के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ द्वारा सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस ने बताया कि रेलमंडल के सभी चिन्हित लोकेशन और स्टेशनों में आरपीएफ और जीआरपी द्वारा रेल परिसर के चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही है। इसके लिए डॉग स्क्वायड और प्लेटफॉर्मों तथा रेलवे सर्कुलेटिंग एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों का भी सहारा लिया जा रहा है।

कटिहार जंक्शन के प्लेटफॉर्मों और ट्रेनों में तैनात आरपीएफ की विशेष टीम द्वारा लगातार सघन चेकिंग की जा रही है। इसके अलावा सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक वार रूम भी बनाया गया है, जहां से पूरे रेलमंडल की निगरानी की जा रही है।

आरपीएफ द्वारा यूनिफार्म वाले जवानों के साथ ही सादे लिबास में भी सुरक्षाकर्मियों की जगह-जगह तैनाती की गई है, जो संदिग्ध लोगों पर 24 घंटे पैनी निगाह रखे हुए हैं।

आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस ने आम लोगों को दुर्गापूजा की शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि यात्रियों को स्टेशन या ट्रेन में किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर वे टोलफ्री नंबर 139 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस पर आरपीएफ द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

यात्रियों की सुरक्षा प्राथमिकता आरपीएफ कमांडेंट ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य स्थान तक पहुंचाना है, जिसके लिए आरपीएफ हमेशा से तत्पर रहती है।

## दुर्गा पूजा को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च

**सारण,** (हि.स.)। दुर्गा पूजा के अवसर पर जिला प्रशासन, सारण द्वारा जिले में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज इसुआपुर थाना क्षेत्र सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया।इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मशरक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक, मशरख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, ईशुआपुर एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी, साथ ही बड़ी संख्या में जिला पुलिस बल, दंगा नियंत्रण बल एवं क्यूआरटी टीम मौजूद थीं। इस दौरान आमजनों से शांति, भाईचारा एवं प्रशासन को सहयोग बनाए रखने की अपील की गई।

सभी संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। ड्रोन कैमरों से निगरानी, सीसीटीवी मॉनिटरिंगकी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना पैदा करना तथा शरारती तत्वों को यह संदेश देना था कि प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए सतर्क एवं सक्षम है।

सारण पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी अफवाह से बचें, असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल नजदीकी थाने अथवा जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष हेल्पलाइन नं0-9031036406 को दें और पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं।

## जोगबनी में युवक की आपसी विवाद में गोली मारकर हत्या,पुलिस छानबीन में जुटी,तीन हिरासत में

**अररिया** : अररिया जिले के जोगबनी थाना क्षेत्र के हाजी मोहल्ला में रविवार अहले सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 24 वर्षीय नीरज कुमार गुप्ता, पिता कैलाश गुप्ता, निवासी वार्ड संख्या-4, अररिया आरएस थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। नीरज प्राइवेट नौकरी करता था और घटना के वक्त किराए के मकान में रह रहा था। बताया जा रहा है कि आपसी विवाद के दौरान युवक की कनपटी में गोली मारी गई।



**परिजनों में आक्रोश, शीघ्र गिरफ्तारी की मांग**
मृतक के भाई सन्नी कुमार ने बताया कि नीरज कपड़े की खरीदारी के लिए विराटनगर गया था और रात में जोगबनी में ही रुक गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अनमोल ने ही गोली मारी। मौके पर पहुंचे फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा, जोगबनी थानाध्यक्ष राजीव कुमार आजाद सहित अन्य अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं। नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद गौतम कुमार साह और भाजपा नेता शंभू प्रसाद ने हत्यारे की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

**आरोपी कारोबारी पर हत्या का आरोप** : घटना के पीछे पैसे के लेनदेन को कारण बताया जा रहा है। हत्या का आरोप छपरा निवासी अनमोल कुमार सिंह पर है, जो कटिहार और जोगबनी में टी स्टॉल और पानी का कारोबार करता है। पुलिस ने बताया कि नीरज अपने तीन साथियों पांडव, धीरज और ब्रिगेश के साथ किराए के मकान में सोया था। इसी दौरान रात करीब 3 बजे विवाद हुआ और अनमोल ने गोली मार दी।

**पुलिस जांच में जुटी, तीन युवक हिरासत में** : घटना के बाद डायल 112 की टीम नीरज को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के साथ सोए तीनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेजा गया है।

## पूर्वोत्तर रेलवे को मिली पहली अमृत भारत ट्रेन, छपरा से आनन्द विहार टर्मिनल के मध्य चलेगी

**छपरा,** (हि.स.)। पूर्वोत्तर रेलवे की पहली अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ 29 सितम्बर को किया जाएगा। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से छपरा-दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) मार्ग की उद्घाटन विशेष गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसी दिन दरभंगा-मदार (अजमेर) मार्ग की दूसरी उद्घाटन



विशेष गाड़ी भी चलायी जाएगी। ये ट्रेनें गैर-एसी प्रीमियम श्रेणी की हैं और कुल 22 कोचों के साथ चलेंगी, जिनमें शयनयान, सामान्य द्वितीय श्रेणी, पैंट्री कार और एलएसएलआरडी शामिल हैं। अमृत भारत एक्सप्रेस विश्व स्तरीय सुविधा, सुरक्षित यात्रा और किफायती किराया (₹500 प्रति हजार किलोमीटर से कम) प्रदान करती है। ट्रेन में कवच सिस्टम, सेमी ऑटोमैटिक कपलर, क्रैश ट्यूब, ईपी-असिस्टेड ब्रेक और फायर डिटेक्शन सिस्टम जैसी सुरक्षा सुविधाएँ हैं। यात्रियों के आराम के लिए फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल-बॉटल होल्डर, इलेक्ट्रो–न्यूमेटिक फ्लशिंग शौचालय और दिव्यांगजनों हेतु विशेष व्यवस्था की गई है। अमृत भारत एक्सप्रेस आधुनिक सुविधा, पर्यावरण सजगता और आत्मनिर्भर भारत की भावना का प्रतीक है, जो यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करती है।

## मनाई गई शहीद ए आज़म भगत सिंह की जयंती

**भागलपुर,** (हि.स.)। रविवार को शहीद ए आज़म भगत सिंह की जयंती पर परिधि ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए। उदय ने कहा कि भगत सिंह चाहते थे कि भारत समाजवादी राष्ट्र बने, जहां प्राकृतिक संसाधनों, शिक्षा और रोजगार पर आम लोगों का अधिकार हो। उन्होंने



चेताया कि समाजवाद हटने पर देश पूंजीवाद के अधीन हो जाएगा। सार्थक भारत ने उनके कम उम्र में देखे गए सुंदर भारत के सपनों को याद किया। विनय कुमार भारती ने अपने गीत के माध्यम से धार्मिक उन्माद और नशाखोरी के बढ़ते संकट पर ध्यान आकर्षित किया। ललन ने कहा कि भगत सिंह की आज़ादी का अर्थ था समानता, न्याय और एकता।

## एक ऐसा शक्तिपीठ जहां दो पिंडों की होती है पूजा

**न्यूज स्केल बनमनखी**

पूर्णिया जिले के हृदयनगर काझी बनमनखी की हदेश्वरी दुर्गा शक्तिपीठ की ख्याति विदेशों तक फैली हुई है. जिले से 35 किलोमीटर दूर बनमनखी प्रखंड के काझी हृदय नगर स्थित हृदेशवरी दुर्गा शक्ति पीठ सती से जुड़ी हुई है. मान्यताओं के अनुसार सती का हृदय यहीं गिरा था. इसलिए इस जगह को हृदयनगर भी कहा जाता है. भारत वर्ष में 52 शक्ति पीठों में मां आदि शक्ति के हृदय गिरने का वर्णन पौराणिक कथा-पुरानों





में वर्णित है. यहां कोशी-सीमांचल के अलावा पड़ोसी देश नेपाल, बिहार, झारखंड, बंगाल के श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते हैं. इस क्षेत्र के बुजुर्गों का मानना है कि यह शक्ति पीठ मंदिर हजारों वर्ष पूर्व से स्थापित है. आज एक विशाल एवं भव्य मंदिर है. मान्यता है कि यहां अद्भुत शक्तियां हैं, यही वजह है कि यहां तांत्रिक भी साधना करने आते हैं. इस मंदिर में मां भगवती की मिट्टी का दो उभरा पिंड है. उसी की पूजा-अर्चना की जाती है. नवरात्र के समय श्रद्धालुओं द्वारा मां के चरणों में प्रसाद व चुनरी चढ़ाया जाता है. रीति रिवाज के मुताबिक मां दुर्गे का खोयंछा भराई की भी रस्म अदायगी की जाती है. अष्टमी को निशा बलि की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है. इसके बाद माता का पट खोला जाता है. सच्चे मन जो भी भक्त पूजा अर्चना करते उनकी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण होती है. बूढ़े बुजुर्गों का कहना है कि पहले झोपड़ी नुमा घर में मां भगवती की दो पिंडों की पूजा होती थी अब समय के साथ हृदयेश्वरी दुर्गाशक्ति पीठ मंदिर की भव्यता देखते ही बनती है

## अररिया में सुमित लोहिया ने गृह मंत्री शाह से की मुलाकात

**न्यूज स्केल अररिया**

वनवासी कल्याण आश्रय सह राष्ट्रीय स्वयंसेवक सुमित लोहिया ने रविवार को चूनापुर सैन्य हवाई अड्डा पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने अंगवस्त्र अर्पित कर श्रद्धा और सम्मान के साथ गृहमंत्री का अभिनंदन किया।



श्री लोहिया ने बताया कि वर्तमान समय में पूरे देश में एनडीए की लहर चल रही है और बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि सीमांचल में गृह मंत्री का आगमन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इस बार क्षेत्र की अधिकांश विधानसभाओं में एनडीए की जीत सुनिश्चित है।

उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार में एक बार फिर से भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बनेगी और विकास की नई दिशा तय होगी।

## बायसी मे दहेज प्रताड़ना से परेशान नवविवाहिता ने फंदे से की खुदकुशी

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया के बायसी थाना क्षेत्र के सूरी गांव वार्ड 1 में दहेज प्रताड़ना से तंग आकर 19 वर्षीय रानी कुमारी ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। रानी की लाश ससुराल के कमरे में झूलती मिली। घटना के समय रानी के पति नवीन कुमार राम (36) और अन्य ससुराल सदस्य कमरे में थे। परिवार के अनुसार, रानी मूल रूप से कटिहार जिले के कदबा थाना क्षेत्र की निवासी थी। साल भर पहले उसने अपने ही जीजा नवीन कुमार राम से कोर्ट मैरेज की थी। बड़ी बहन सुनीता देवी ने आरोप लगाया कि पति और ससुराल वालों ने रानी को 3 लाख रुपए और बाइक की मांग पूरी न करने पर लगातार प्रताड़ित किया और उसे आत्महत्या के लिए उकसाया।



घटना के बाद बायसी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को GMCH पूर्णिया पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच जारी है। परिजनों ने दामाद, सास, ससुर और देवर पर दहेज प्रताड़ना और सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप लगाया है।

मृतका की मौत ने पूरे परिवार और इलाके में मातम छा गया है। पड़ोसी और ससुराल वालों के विरोध के बावजूद पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए सभी संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है।

## पूर्णिया में टैंकर ने बुजुर्ग की सड़क पार करते समय कुचला मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

मरंगा थाना क्षेत्र के नेवालाल चौक के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें अलकरता लोडेड टैंकर ने सड़क पार कर रहे 70 वर्षीय सोमडा उरांव को कुचल दिया। घटना में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि टैंकर चालक मौके से फरार हो गया।




हादसे के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने नेवालाल चौक को जाम कर आगजनी की और डेढ़ घंटे तक मुख्य मार्ग पर रोक लगाई। उन्होंने घायलों और मृतक परिवार को मुआवजा देने की मांग की। इससे हाइवे पर लंबी गाड़ियों की कतार लग गई।

सूचना पाकर सुदीन चौक टीओपी प्रभारी पंकज कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी समझाने के बाद आक्रोशित लोग शांत हुए और सड़क जाम हटाया गया। पुलिस ने टैंकर को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। मृतक सोमडा उरांव की पहचान आदिवासी टोला लाइन बस्ती निवासी मंगरू उरांव के पुत्र के रूप में हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई जारी है।

## पूर्णिया में पड़ोसी ने कुल्हाड़ी से किया बेरहमी से हमला, युवक की मौत

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया शहर के सदर थाना क्षेत्र के बसंतबाग नया टोला में रविवार को एक भयावह हत्या की घटना हुई। दुखा शर्मा (42) ने अपने पड़ोसी चंदा मरांडी उर्फ राजा मरांडी (24) के चेहरे पर कुल्हाड़ी से 10 से अधिक बार हमला कर उसकी जान ले ली। दुखा को शक था कि उसकी पत्नी का राजा से अफेयर चल रहा है। घटना उस समय हुई जब राजा दोपहर को खाना खाने के लिए दुखा के घर गया। वहां कहासुनी के दौरान दुखा ने गुस्से में हमला कर



दिया।राजा की लाश खून से लथपथ उसी घर में मिली। मृतक के भाई बबलू मरांडी ने बताया कि राजा मछली गद्दी में काम करता था और शनिवार देर रात घर लौटने के कारण रविवार को लेट उठ गया था। घटना के बाद दुखा फरार हो गया, जबकि उसकी पत्नी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# दुर्गा पूजा : वीरपुर में शांतिपूर्ण आयोजन हेतु विशेष बैठक

**न्यूज स्केल वीरपुर**

जिले में दुर्गा पूजा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी, वीरपुर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, वीरपुर की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी थाना प्रभारियों (SHO) एवं पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

**सुरक्षा व्यवस्थाओं पर जोर**
बैठक में पुलिस अधिकारियों को त्योहार के दौरान अतिरिक्त




सुरक्षा बल तैनात करने, भीड़ नियंत्रण के उपाय अपनाने और संभावित संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि हर पूजा स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई की योजना बनाई गई।

**थाना स्तर पर तैयारी** : प्रत्येक थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र के पूजा स्थलों की पूरी सूची तैयार करने और वहां पर CCTV कैमरा, माइक एवं मोबाइल पेट्रोलिंग का इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी और जवान आम जनता के साथ सहयोग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखेंगे। इसके अलावा, सभी अधिकारियों को दुर्घटना या आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने का निर्देश भी दिया गया।

**सहयोग एवं जागरूकता अभियान** : बैठक में नागरिकों और पूजा आयोजकों से सहयोग करने का आग्रह किया गया। अधिकारियों ने कहा कि श्रद्धालुओं को शांतिपूर्ण ढंग से पूजा करने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन सुरक्षा नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। साथ ही, सोशल मीडिया और स्थानीय माध्यमों से जनता को सुरक्षा और नियमों के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया जाएगा। इस प्रकार, वीरपुर अनुमंडल प्रशासन और पुलिस द्वारा संयुक्त प्रयास से दुर्गा पूजा का त्योहार सुरक्षित और आनंदमय माहौल में मनाने की पूरी तैयारी की जा रही है।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं को मिली स्वास्थ्य सुविधा

**न्यूज स्केल सुपौल**



जिले में आज स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में आम जनों को स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना और परिवार को सशक्त बनाना है। अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर अनुमंडल स्तरीय अस्पतालों तक बड़ी संख्या में महिलाएँ स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुँचीं। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा आवश्यक जांच, परामर्श और दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल के माध्यम से महिलाओं को नियमित जांच, मातृ स्वास्थ्य, पोषण संबंधी जानकारी और रोगों की रोकथाम से संबंधित विशेष मार्गदर्शन दिया जा रहा है। साथ ही किशोरियों और गर्भवती महिलाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न परामर्श शिविर भी लगाए गए। इस अभियान में बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविकाएँ और चिकित्सा अधिकारी सक्रिय रूप से शामिल रहे। स्थानीय महिलाओं ने भी इस सुविधा का लाभ उठाकर इसे सराहा।

# वैशाली एक्सप्रेस के ललितग्राम तक स्थाई विस्तार की मांग

**न्यूज स्केल सुपौल**

सुपौल जिला, लगभग 33 लाख की आबादी वाला कोसी प्रमंडल का सबसे बड़ा हिस्सा, रेलवे विकास की मुख्यधारा से दूर रहा है। बड़ी संख्या में लोग रोजगार के लिए पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र जाते हैं। पर्व-त्योहार के समय जब लोग घर लौटते हैं, तब यात्री संख्या काफी बढ़ जाती है, लेकिन सीमित रेल सुविधाओं के कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ता है।

**वैशाली एक्सप्रेस का स्थाई विस्तार** : पिछले पांच महीने से वैशाली एक्सप्रेस ललितग्राम से स्पेशल ट्रेन के रूप में चल रही है। स्थानीय लोग इसे स्थाई



ट्रेन का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। इससे सुपौलवासियों को दिल्ली से नियमित और सीधा कनेक्टिविटी मिलेगा और लंबी दूरी की यात्रा सुगम होगी।

**सामरक दृष्टि से महत्वपूर्ण जिला** : सुपौल नेपाल सीमा के पास स्थित होने के कारण सामरिक दृष्टि से भी अहम है। सुपौल रेल संघर्ष समिति के संयोजक पवन अग्रवाल के अनुसार, अन्य जिलों को नियमित सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनें मिल रही हैं, लेकिन सुपौल से लंबी दूरी की सुपरफास्ट ट्रेन नहीं चल पाई है। वैशाली एक्सप्रेस का स्थाई विस्तार और पूजा स्पेशल ट्रेनों का ललितग्राम तक परिचालन होने पर सुपौल रेलवे मानचित्र में मुख्यधारा में आएगा और कोसी–सीमांचल की बड़ी आबादी रेलवे विकास से सीधे जुड़ सकेगी।

**पूजा स्पेशल ट्रेनों का ललितग्राम तक विस्तार** : वर्तमान में दिल्ली, पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र से चलने वाली पूजा स्पेशल ट्रेनें केवल सहरसा या दरभंगा तक ही आती हैं। यदि इनका मार्ग ललितग्राम तक बढ़ाया जाए, तो सुपौल जिला सहित कोसी–सीमांचल क्षेत्र की बड़ी आबादी सीधे लाभान्वित हो सकेगी। रेलवे द्वारा हाल ही में चलाई जा रही अमृतसर-सहरसा और सरहिंद-सहरसा द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेनें भी ललितग्राम तक बढ़ाई जाएँ, तो यात्रियों को वास्तविक लाभ मिलेगा।

# हेलमेट नहीं पहनने पर कार का कटा चालान, कार मालिक को भेजी गई चालान पर तस्वीर अलग नंबर के बाइक की

**न्यूज स्केल छातापुर**

छातापुर प्रखंड के घीवहा पंचायत निवासी कार मालिक मो इरशाद आदिल को परिवहन पुलिस लाइन, भागलपुर के सीसीटीवी कंट्रोल रूम ने 25 सितंबर का नोटिस भेजकर तीन हजार रुपए जुर्माना भरने को कहा। नोटिस में आरोप लगाया गया कि वाहन हेलमेट और इंश्योरेंस नियम का उल्लंघन कर चला। परन्तु हैरानी की बात यह है कि नोटिस में दिखाई गई बाइक का नंबर बीआर 50 टी 7170 था, जबकि कार मालिक की गाड़ी संख्या बीआर 50 टी 7110 है।







**कार और बाइक के नंबर में अंतर** : मामले में गुनाह किसी का और सजा किसी और को दी गई है। मो इरशाद आदिल ने बताया कि 25 सितंबर को उनकी कार घर के गराज में खड़ी थी और वह स्वयं मिरचैया नदी घाट पर नाव हादसे की खबर संकलन में व्यस्त थे। बावजूद इसके, कंट्रोल रूम ने उनके नाम पर चालान काट दिया।

**नोटिस में जुर्माने की चेतावनी**
प्राप्त नोटिस में कहा गया कि सात दिनों के भीतर यातायात भवन, भागलपुर में जुर्माना जमा कर रसीद लेनी होगी, अन्यथा मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार मालिक इस गलत कार्रवाई से मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं।

**सुधार की दिशा में कोई कदम नहीं** : बीते वर्षों में जिले में कई ऐसे मामलों के सामने आने के बावजूद परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा सुधार की ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस तरह के मामलों में निर्दोष वाहन मालिकों को मानसिक तनाव और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

# सुपौल में गूंजे जयकारे, मां कात्यायनी की आराधना से नवरात्र का सातवां दिन बना विशेष

## भव्य सजावट और भक्तों की भीड़ से खिला जिला

**न्यूज स्केल सुपौल**

शारदीय नवरात्र के सातवें दिन जिले में पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखा गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के छठे स्वरूप, मां कात्यायनी की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शास्त्रों के अनुसार, मां कात्यायनी की उपासना विवाह योग्य कन्याओं के लिए विशेष फलदायी मानी जाती है और साधकों की मनोकामनाओं को पूर्ण करती है। इस अवसर पर बेल निमंत्रण की परंपरागत पूजा भी सम्पन्न की गई।

**शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लास** : सुपौल शहर के गांधी मैदान, बड़ी दुर्गा स्थान, नया नगर तथा रेलवे मालगोदाम पूजा पंडाल में मां के जयकारे







गूंजते रहे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों जैसे राघोपुर, त्रिवेणीगंज, पिपरा, निर्मली, मरौना, वीरपुर, करजाइन, किशनपुर और सरायगढ़ में भी पूजा-अर्चना उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। प्रतिमाओं के पट खोलने के साथ ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और लोग कतारों में खड़े होकर मां के चरणों में माथा टेकते और आशीर्वाद लेते दिखाई दिए।

**अगले स्वरूप के दर्शन की उत्सुकता** : सातवें दिन की पूजा ने न केवल श्रद्धालुओं के मन में भक्ति का संचार किया, बल्कि पूरे जिले को सांस्कृतिक उत्सव के रूप में जोड़ दिया। अब भक्त अगले स्वरूप, मां कालरात्रि के दर्शन और साधना के लिए विशेष उत्सुकता दिखा रहे हैं। पूरे सुपौल जिले में नवरात्र की भक्ति-ऊर्जा चरम पर है और हर ओर भक्तिमय वातावरण गूंज रहा है।

**भव्य महाआरती और सांस्कृतिक उत्सव** : मंदिरों में घंटा-घड़ियाल की ध्वनि और दुर्गा सप्तशती पाठ की गूंज ने वातावरण को और भी दिव्य बना दिया। महाआरती के समय सामूहिक भजन-कीर्तन ने श्रद्धालुओं के मन को भाव-विभोर कर दिया। भव्य प्रतिमाएं, रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक तोरण द्वारों से सजे पंडाल बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को अपनी ओर खींचते रहे।

# गोली कांड में दो गिरफ्तार दोनों पक्षों की ओर से अलग अलग मामला दर्ज करवाया गया

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**

प्रतापगंज थाना क्षेत्र के भवानीपुर उतर पंचायत के वार्ड 7 में शनिवार रात दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में गोली चलने से अरविंद कुमार जख्मी हो गए, जबकि दूसरी ओर प्रवीण कुमार उर्फ पींटू राम समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

**पीड़ित पक्ष की शिकायत**
पींटू राम की पत्नी सोनी देवी ने भी थाना में आवेदन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पति और ऋषभ झा दरवाजे पर बाइक लगाकर आए थे, तभी अरविंद और उनके समर्थक लाठी-डंडे से हमला कर पींटू को घसीटकर जख्मी कर दिया। इस घटना में पींटू की पत्नी और सास भी घायल हो गईं। पीड़ितों का प्राथमिक इलाज पीएचसी में हुआ, लेकिन गंभीर स्थिति के कारण अरविंद और पींटू दोनों को सुपौल रेफर किया गया।

**पुलिस कार्रवाई और जांच**
थानाध्यक्ष ने बताया कि गोली चलाने का आरोप अरविंद द्वारा पींटू और ऋषभ झा पर लगाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना स्थल से दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह मामला पुराने आपसी विवाद का नतीजा बताया जा रहा है।



**घटना का क्रम** : जख्मी अरविंद कुमार ने थाना में आवेदन में बताया कि वह मिडिल स्कूल मझौआ में सहायक शिक्षक हैं। शनिवार शाम स्कूल से लौटते समय उनके भतीजे आशुतोष ने फोन कर बताया कि पींटू राम और ऋषभ झा उनका पीछा कर रहे हैं। अरविंद ने अपने भतीजे को सुरक्षित घर आने के लिए कहा और खुद पींटू की मां से मिलने गए कि उनका बेटा झगड़ा क्यों कर रहा है। तभी पींटू और ऋषभ झा वहां आए और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मारपीट के क्रम में पींटू ने अरविंद पर गोली चला दी, जो कमर के पीछे जा लगी।

# लोहिया नगर में लोगों को जाम से नहीं मिल रही राहत

## शहर के सभी मुख्य सड़कों पर लग रही है जाम, लोगों को हो रही है परेशानी

**न्यूज स्केल सुपौल**

**लोहियानगर , स्टेशन रोड, सहित अन्य जगहों पर बाजार में ट्रैफिक जाम रोज की समस्या**

जिला मुख्यालय स्थित लोहिया नगर में जाम से आमजन परेशान है। रेलवे ढाला से लेकर पेट्रोल पंप तक लोग जाम प्रतिदिन हलकान होते है। शहर में लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलने के बजाय बढ़ती जा रही है। लोगों को घण्टों जाम में जूझना पड़ता है। इससे ईंधन और समय की बर्बादी हो रही है। शहर की ट्रैफिक की अवस्थित व्यवस्था को देखते हुए लोगों ने जाम से मुक्ति की उम्मीद छोड़ दिया है। फुटपाथ दुकानदारों का सड़क पर कब्जा होने के कारण सड़क किनारे बाइक और चार पहिया वाहन खड़ी करना लोगों की मजबूरी है। ऐसे में सड़कें और भी संकुचित नजर आती हैं। इसके कारण वाहनों की आवाजाही में परेशानी होती है। अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। भीषण गर्मी और कड़ी धूप में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में भीड़-भाड़ के साथ वाहनों की संख्या भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। इससे शहर की मुख्य सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है।


प्रतीकात्मक फोटो

**बढ़ती जा रही है ट्रैफिक जाम की समस्या** : : शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने में जिला प्रशासन की अब तक की कवायद नाकाफी साबित हुई है। कई बार सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। । लोहिया नगर चौक और बस स्टैंड के समीप आने-जाने वाले वाहनों को दिनभर इस परेशानी से जूझना पड़ रहा है। ट्रेन आने-जाने के समय रेलवे फाटक बंद होते ही वाहनों की लंबी कतार लग रही है। रेलवे फाटक खुलते ही वाहन चालक में आगे निकलने की होड़ लग जाती है। इस दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन होता है। हर 30 मिनट पर जाम से लोगों को जूझना पड़ रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी इंद्रवीर कुमार ने बताया कि जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कार्रवाई की जाएगी। दुर्गा पूजा को लेकर शहर में लोगों की आवाजाही बढ़ गयी है। लेकिन जाम से आमजन परेशान हो जाते है।

# स्वच्छता ईश्वर का बास होता है -बबीता

**न्यूज स्केल सुपौल**

स्वच्छता ही सेवा है पखवाड़ा के तहत सरायगढ़ दुर्गा मंदिर में शिक्षिका व समाज सेविका बबीता कुमारी के नेतृत्व में स्वच्छता कर्मियों के साथ दो घंटा श्रमदान कर साफ-सफाई का काम किया गया वहीं दुर्गा मंदिर परिसर मंदिर एवं स्टेशन रोड की सफाई की गई इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता में ईश्वर का बास होता है इसीलिए सभी व्यक्ति को अपने आसपास की सफाई स्वयं करें कूड़े कचरे को डस्टबिन में डालें प्रतिदिन एक घंटा अपने घर के आसपास सड़क किनारे श्रमदान कर स्वच्छता को बनाए रखें जिससे स्वच्छ समाज, स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। मालूम होती बबीता कुमारी पिछले 10 वर्षों से स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दे रही है लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में सुपौल जिले में अहम भूमिका निभाई और समय-समय पर यह स्वच्छता अभियान चला कर दलित महादलित वस्ती में भी लोगों को जागरूक करती रहती है इस मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक शत्रुघन कुमार स्वच्छता कर्मी, गीता देवी, मीना देवी, गूगली यादव, देवचंद सरदार ,लक्ष्मी पासवान मनोज पासवान, संतोलिया देवी आदि ने साफ सफाई का कार्य किया।

# मुख्यमंत्री ने गोपालगंज जिले में 1,585 करोड़ रुपये की 185 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास



**पटना** (हि.स.)।
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गोपालगंज जिले के सबेया एयर फील्ड परिसर से 1585.59 करोड़ रुपये की लागत की कुल 185 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।
इसके अंतर्गत 1295.85 करोड़ रूपये की लागत की 124 योजनाओं का शिलान्यास तथा 289.74 करोड़ रूपये लागत की 61 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। इनमें प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के अंतर्गत 131.38 करोड़ रुपये की लागत से मीरगंज बाईपास में 3.18 किमी (2-लेन) रेल ऊपरी पुल-सह-पुल/ पुलिया सहित सड़क निर्माण कार्य, 30.75 करोड़ रुपये की लागत से थावे मंदिर के सम्पर्क मुख्य पथ, आन्तरिक पथ सहित अन्य उन्नयन कार्य, 126.54 करोड़ रुपये की लागत से 2 लेन पक्का सोल्डर सहित एनएच-27 से एनएच-531तक (कुल लम्बाई-12.600 किमी) गोपालगंज बाईपास पथ का निर्माण कार्य, 90.34 करोड़ रुपये की लागत से कटैया औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु चिन्हित स्थल के विजयीपुर देवरिया सड़क से जोड़ने हेतु बाईपास पथ (कुल लम्बाई 5.75 किमी) का निर्माण कार्य सहित अन्य कुल 120 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।
मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित जीविका दीदियों, पेंशनधारियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जीविका दीदियों ने प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।
सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पेंशन की राशि में 3 गुनी बढ़ोतरी किए जाने से परिवार में हमारा मान बढ़ा है तथा इससे हमारी इच्छा शक्ति भी मजबूत हुई है। बिहार में पूर्ण मद्य निषेध लागू होने से समाज में शांति का वातावरण कायम है। पंचायतों में सामुदायिक विवाह मंडप बनाए जाने का फैसला काफी सराहनीय है। इससे गरीब परिवारों को काफी सहूलियत होगी।
मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि हम आप सभी जीविका दीदियों को बधाई देते हैं। आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। 2005 में हमारी सरकार बनने के बाद हमलोगों ने ही स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने का काम शुरू किया और इसका नाम जीविका दिया। इससे जुड़ी महिलाएं जीविका दीदियां कहलाती हैं। सरकार सभी तबकों के उत्थान के लिए हर प्रकार से विकास का कार्य कर रही है। किसी की उपेक्षा नहीं की गई है। किसान सलाहकारों का काम भी प्रशंसनीय है। आप सभी के सहयोग से बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आप सभी मिलजुल कर रहें। आप के सहयोग और सरकार के प्रयास से बिहार नए उच्चाई को हासिल करेगा।

## अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव उन्मेष के धर्म साहित्य सत्र की बिहार के राज्यपाल ने की अध्यक्षता

**पटना** (हि.स.)।

**- उन्मेष का तीसरा दिनः 25 सत्रों में शामिल हुए देश-विदेश के 146 लेखक- भारतीय फिल्मों की सौंदर्यपरक संवेदनाओं एवं भारतीय रंगमचं पर स्त्रियों पर हुए विशेष सत्र**

---------------------




साहित्य अकादेमी द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और बिहार सरकार के सहयोग से आयोजित किए जा रहे तीसरे अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव उन्मेष 2025 पटना के तीसरे दिन 25 सत्रों में देश विदेश के 146 लेखक शामिल हुए। आज का एक महत्त्वपूर्ण सत्र धर्म साहित्य पर था जिसकी अध्यक्षता बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने की। इस सत्र में प्रदीप ज्योति महंत, संध्या पुरेचा, टी.एस. कृष्णन, वीरसागर जैन एवं युगल जोशी ने अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। सौंदर्यपरक भारतीय संवदेनाएं और भारतीय फिल्में शीर्षक से आयोजित सत्र अमोल पालेकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें रत्नोत्तमा सेनगुप्ता, वाणी त्रिपाठी टिक्कू ने भी भागीदारी की। भारतीय रंगमंच में स्त्रियां विषयक की अध्यक्षता लिलेट दुबे ने की। आज आयोजित अन्य महत्त्वपूर्ण सत्र थे- विदेशी भाषाओं में भारतीय साहित्य का प्रचार-प्रसार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रसार में साहित्य की भूमिका, भक्ति साहित्य की विशिष्टता एवं प्रासंगिकता, भारतीय नाटकों में प्रवासन एवं विस्थापन आदि। इसके अतिरिक्त कविता और कहानी-पाठ तथा बहुभाषी रचना-पाठ के अनेक सत्र आयोजित किए गए।
कल उन्मेष के समापन समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन समापन वक्तव्य देंगे। इस अवसर पर राज्यपाल, बिहार आरिफ़ मोहम्मद खान, पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह, साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव विवेक अग्रवाल की उपस्थिति रहेगी। यह कार्यक्रम ज्ञान भवन, सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र में होगा। कल सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति में ग्रेमी पुरस्कार से पुरस्कृत संगीतज्ञ रिकी केज की लाइव प्रस्तुति प्रमुख है।

## नवादा में 44 बोतल शराब व बियर बरामद, नाबालिग सहित दो तस्कर गिरफ्तार



**नवादा,** (हि.स.)। बिहार-झारखंड सीमा के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर रविवार को उत्पाद बलों ने एक टेम्पो से 44 बोतल शराब और बियर बरामद की। जांच के दौरान टेम्पो के ड्राइवर सीट के नीचे बने तहखाने से 12 बोतल रॉयल स्टेज (750 एमएल), 8 बोतल आइकॉनिक व्हिस्की, 2 बोतल रॉयल स्टेज (375 एमएल) और 22 केन किंगफिशर (500 एमएल) शराब और बियर मिली। इस मामले में रजौली के डुमरकोल गांव निवासी मो. सरफराज और फैजान अंसारी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही एक नाबालिग को भी विधि निरुद्ध किया गया। गिरफ्तार तस्करों ने पूछताछ में बताया कि वह नवादा में शराब की खेप पहुंचाने का काम करते हैं और पहले भी इसी तरह से तीन-चार बार शराब भेज चुके हैं। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के खिलाफ बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। मौके पर उत्पाद बल और गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

## अर्जेंटीना के राजदूत के भांजे की गलाकाट हत्या का 24 घंटे के बाद भी पुलिस को नही मिली सुराग, एसआइटी गठित



**नवादा,** (हि.स.)। बिहार के नवादा जिले में शनिवार शाम एक भयानक हत्या की घटना हुई, जिसमें अर्जेंटीना के राजदूत अजनीश कुमार के भांजे और पूर्व सिविल सर्जन डॉक्टर अरुंधति के नाती, 22 वर्षीय अंकुश कुमार की गला रेत कर हत्या कर दी गई। घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस को हत्यारे या हत्या का स्पष्ट कारण नहीं मिल पाया है।
**जांच जारी, संभावित कारणों की तलाश** : एफएसएल टीम ने घटनास्थल से ब्लड सैंपल, ब्लेड के निशान और अन्य साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल्स और सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि हत्या के पीछे आपसी रंजिश, व्यक्तिगत दुश्मनी या अन्य विवाद की संभावना हो सकती है। परिचितों और मजदूरों से पूछताछ जारी है।

**पुलिस ने की विशेष टीम का गठन** :mनवादा के एसपी अभिनव धीमान ने इस जघन्य कांड को लेकर विशेष टास्क फोर्स का गठन किया है। एसपी ने कहा कि किसी भी कीमत पर हत्यारों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। मौके पर एसपी के साथ ही सदर एसडीपीओ हुलास कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंचे और पूरे क्षेत्र को सील कर दया गया।

**घटनास्थल पर मिली अहम जानकारी** : अंकुश कुमार का शव वियाडा परिसर के व्यवसायिक आवास में मिला, जहां दवा कंपनी के लिए भवन निर्माण चल रहा था। जानकारी के अनुसार, हत्यारों ने निर्माण स्थल पर उपलब्ध ग्राइंडर मशीन के ब्लेड का इस्तेमाल कर उसे मार डाला। मृतक का क्लिनिक स्टाफ और परिवारिक सदस्य घटना स्थल पर पहुंचे और मौके को देखकर सदमे में आ गए।

## नवादा में ग्रामीण चिकित्सक की अपहरण कर हत्या, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**नवादा,** (हि.स.) नवादा जिले के. वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के झौर ग्राम में एक 26 वर्षीय युवा प्राइवेट ग्रामीण चिकित्सक प्रकाश कुमार का अपहरण कर हत्या कर दी गई। परिवार का आरोप है कि अपराधियों ने इलाज के बहाने उसे बुलाया, फिरौती की मांग की और फिर बेरहमी से कत्ल कर शव को जिले के बधार क्षेत्र में फेंक दिया. घटना के खुलासे के बाद इलाके में दहशत फैल गई है। आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को झौर मोड़ पर सड़क जाम कर दी, पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आगजनी कर दी। शव को सड़क पर रखकर जाम किया गया. शनिवार की लाश मिलने के बाद पुलिस के खिलाफ लगातार आक्रोश ग्रामीण का देखा जा रहा है। परिवार और ग्रामीणों का दावा है कि यह हत्या पुलिस की लापरवाही का नतीजा है । झौर गांव में सड़क किनारे चिकित्सा सेवा दे रहे थे। शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे किसी ने इलाज कराने के बहाने उन्हें बाइक पर बिठाकर ले गया। सुबह तक न लौटने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। शनिवार को दिन में ही वारिसलीगंज पुलिस को लिखित सूचना दी गई, लेकिन कार्रवाई में देरी हुई। रात सोशल मीडिया पर एक शव का फोटो वायरल हो गया, जिसे ग्रामीणों ने प्रकाश के रूप में पहचान लिया तब परिवार का गुस्सा फूट पड़ा। ओम भूषण प्रसाद ने बताया कि प्रकाश गांव का लाल था। अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। पुलिस को सूचना देने के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि अगर समय पर कार्रवाई होती तो शायद जान बच जाती। परिवार ने अपहरण के पीछे फिरौती की मांग का आरोप लगाया है। प्रदर्शन का दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने झौर मोड़ पर सड़क जाम कर पुलिस पर शिथिलता का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की।

## दुर्गा पूजा 2025 : शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन की तैयारी

**न्यूज स्केल मोतिहारी**

---------------

» **दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था।**

---------------

» **824 चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और बल की प्रतिनियुक्ति।**

---------------

» **विसर्जन 3-5 अक्टूबर, लाउडस्पीकर, फायर सेफ्टी और प्रवेश-निकास मार्गों का पालन अनिवार्य।**

---------------

» **डीजे प्रतिबंधित, अस्त्र-शस्त्र पर रोक, क्विक रिस्पांस टीम और बाइक पेट्रोलिंग से सतत निगरानी।**

---------------



जिला प्रशासन ने दुर्गा पूजा 2025 को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त आदेश के तहत विधि व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। प्रशासन ने भीड़-प्रबंधन, सुगम यातायात और सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और किसी भी अप्रिय घटना पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

**824 स्थानों पर तैनाती**
जिले में कुल 824 स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सदर मोतिहारी, सिकरहना, पकड़ीदयाल, अरेराज, चकिया और रक्सौल अनुमंडलों में वरिष्ठ अधिकारी लगातार निगरानी रखेंगे। जिला स्तर से अनुमंडल स्तर तक नियंत्रण कक्ष 24 घंटे तीन पाली में कार्यरत रहेंगे। महिला सुरक्षा बल, सादे लिवास में तैनात पुलिसकर्मी और बाइक पेट्रोलिंग के माध्यम से लगातार गश्ती की जाएगी।

**मूर्ति स्थापना और विसर्जन योजना** : इस वर्ष दुर्गा पूजा 22 सितंबर से कलश स्थापना के साथ प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर तक मनाई जाएगी। जिले में कुल 806 अस्थाई और 149 स्थाई मूर्तियों की स्थापना की गई है। विसर्जन कार्य 3 से 5 अक्टूबर तक निर्धारित है। प्रशासन ने पूजा समितियों को लाइसेंस लेना, लाउडस्पीकर एक्ट का पालन, फायर सेफ्टी, अलग प्रवेश और निकास द्वार, विवादित स्थलों से बचाव और निर्धारित मार्ग से विसर्जन करने के निर्देश दिए हैं।

**सुरक्षा और निगरानी का सुदृढ़ तंत्र** : डीजे और आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन पर रोक, क्विक रिस्पांस टीम की तैनाती, और जिला पुलिस व बिहार मिलिट्री पुलिस के जवानों की सतत गश्ती सुनिश्चित की गई है। संवेदनशील पूजा पंडालों पर वॉच टावर, सीसीटीवी कैमरे, फोटो कैमरा, वीडियोग्राफर और ड्रोन की तैनाती की गई है।

**नागरिकों से प्रशासन की अपील** : जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि वे दुर्गा पूजा का पर्व उमंग और उत्साह के साथ, लेकिन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएँ। प्रशासन ने कहा कि सभी आवश्यक निर्देशों का पालन करते हुए ही पर्व का आयोजन करना सुनिश्चित करें ताकि सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द बना रहे।

## बिहार में भारत-नेपाल सीमा के रक्सौल से आइवरी कोस्ट का नागरिक गिरफ्तार

### -अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की जांच तेज



**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। बिहार में भारत-नेपाल सीमा स्थित रक्सौल-वीरगंज मैत्री पुल के पास एक बार फिर अवैध घुसपैठ की कोशिश को आव्रजन अधिकारियों ने नाकाम कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। शनिवार की देर रात आव्रजन जांच के दौरान अधिकारियों ने एक विदेशी नागरिक को पकड़ा, जिसकी पहचान कोट डी आइवरी (आइवरी कोस्ट) निवासी कौआडियो कौआसी जेरोम (44 वर्ष) के रूप में हुई।
आरोपी भारत में प्रवेश पाने के लिए बुर्किना फासो का फर्जी पासपोर्ट इस्तेमाल कर रहा था। उसके असली पासपोर्ट (संख्या 21A F 521540) और वीजा की वैधता 2022 में ही समाप्त हो चुकी है। थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने रविवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आव्रजन कार्यालय में दस्तावेजों की जांच के दौरान संदेह होने पर सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें जेरोम ने स्वीकार किया कि वह फर्जी पहचान के जरिए भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था।
जांच में यह भी सामने आया कि वह 2022 में दिल्ली आ चुका था और यह उसका दूसरा प्रयास था। आव्रजन अधिकारियों की शिकायत पर हरैया थाना में कांड दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि हाल के दिनों में यह चौथा मामला है जब विदेशी नागरिक फर्जी दस्तावेजों के सहारे भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते पकड़े गए हैं।
बीते सितंबर माह में ही दो नाइजीरियाई नागरिक इसी तरह पकड़े गए थे। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इन अवैध प्रवासियों की संलिप्तता साइबर फ्रॉड अथवा मादक पदार्थ तस्करी जैसे अपराधों से जुड़ी हो सकती है। मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े तार खंगाले जा रहे हैं।

# दवाओं पर 100% टैरिफ : भारतीय कंपनियों पर कितना असर



**नई दिल्ली,** (हि.स.)।अमेरिका ने 1 अक्टूबर से ब्रांडेड और पेटेंट दवाओं के आयात पर 100% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस फैसले का भारतीय दवा कंपनियों पर बड़ा असर नहीं होगा क्योंकि भारत से अमेरिका को ज्यादातर जेनेरिक (पेटेंट-मुक्त) दवाएं एक्सपोर्ट होती हैं, जो इस टैरिफ के दायरे से बाहर हैं।

**सन फार्मा पर सबसे ज्यादा जोखिम** : एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय कंपनियों में केवल सन फार्मा की अमेरिकी बाजार में पेटेंट वाली दवाओं से उल्लेखनीय हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की वैश्विक पेटेंट प्रोडक्ट सेल्स 1.217 अरब डॉलर रही, जिसमें से करीब 1.1 अरब डॉलर यानी 85-90% अमेरिका से आया। यह उसकी कुल आय का 17% और EPS का 8-10% है। ऐसे में टैरिफ का सीधा जोखिम उसी पर है।

**जेनेरिक दवाओं को नहीं होगा नुकसान** : क्रिसिल रेटिंग्स के सीनियर डायरेक्टर अनुज सेठी ने कहा कि नए टैरिफ का भारतीय दवा कंपनियों पर सीमित असर होगा क्योंकि अमेरिका को भारत से ज्यादातर जेनेरिक दवाएं जाती हैं। ये दवाएं पेटेंट-फ्री होती हैं और टैरिफ से प्रभावित नहीं होंगी। इसलिए डॉ. रेड्डीज, सिप्ला, ल्यूपिन और अन्य जेनेरिक आधारित कंपनियों पर कोई खास जोखिम नहीं है।

**विकल्प तलाश सकती है सन फार्मा** : विशेषज्ञों के अनुसार, सन फार्मा के पास कई विकल्प मौजूद हैं। कंपनी अमेरिका में स्थित अपने तीन मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट्स का इस्तेमाल कर सकती है या फिर सीडीएमओ पार्टनर्स को उत्पादन शिफ्ट कर सकती है। इसके अलावा, कंपनी अमेरिका में नया निवेश कर सकती है या किसी मौजूदा प्लांट का अधिग्रहण कर सकती है। हालांकि, इस प्रक्रिया में 6 से 24 महीने का समय लग सकता है।

## सर्राफा बाजार में सोने की रिकॉर्ड तेजी, चांदी की कीमतें गिरीं



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। रविवार को 22 कैरेट सोना 1,05,850 रुपये से 1,06,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है, जबकि 24 कैरेट सोना 1,15,480 रुपये से 1,15,630 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया। इसके विपरीत चांदी की कीमतों में गिरावट आई है और दिल्ली बाजार में यह 1,41,900 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज की गई। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो 24 कैरेट सोने के दाम में 4,150 रुपये और 22 कैरेट सोने में 3,780 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, चांदी में भी पूरे सप्ताह के उतार-चढ़ाव के बावजूद 8,900 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई।

दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ, पटना और जयपुर सहित बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर के सर्राफा बाजारों में भी सोना महंगा हुआ है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी मांग और निवेशकों की सुरक्षित पनाहगाह में दिलचस्पी से सोने की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं।

# देश की टॉप 10 कंपनियों के कुल मार्केट कैप में 2.99 लाख करोड़ से अधिक गिरावट



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। बीते कारोबारी सप्ताह (22 से 26 सितंबर) में घरेलू शेयर बाजार में लगातार बिकवाली के चलते देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों का मार्केट कैप 2.99 लाख करोड़ रुपये से अधिक घट गया। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे बड़ा झटका लगा। सप्ताह भर चली बिकवाली के कारण टॉप 10 कंपनियों में से किसी के भी मार्केट कैप में बढ़ोतरी दर्ज नहीं हुई।

**टॉप 10 की रैंकिंग बरकरार** बिकवाली के बावजूद टॉप 10 कंपनियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज 18.64 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (14.51 लाख करोड़), भारती एयरटेल (10.92 लाख करोड़), टीसीएस (10.49 लाख करोड़) और आईसीआईसीआई बैंक (9.72 लाख करोड़) का स्थान रहा। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (7.91 लाख करोड़), बजाज फाइनेंस (6.12 लाख करोड़), इंफोसिस (6.01 लाख करोड़), हिंदुस्तान यूनिलीवर (5.89 लाख करोड़) और एलआईसी (5.51 लाख करोड़) शीर्ष 10 की सूची में शामिल रहीं।

**सबसे ज्यादा नुकसान टीसीएस और रिलायंस को :**
मार्केट कैप में सबसे बड़ी गिरावट टीसीएस को झेलनी पड़ी, जिसका बाजार मूल्य 97,597.91 करोड़ रुपये घटकर 10,49,281.56 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप भी 40,462.09 करोड़ रुपये लुढ़ककर 18,64,436.42 करोड़ रुपये रह गया। इंफोसिस का बाजार मूल्य 38,095.78 करोड़ रुपये घटकर 6,01,805.25 करोड़ रुपये पर आ गया। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक को 33,032.97 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक को 29,646.78 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल को 26,030.11 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

# प्राइमरी मार्केट में बढ़ेगी हलचल, अगले सप्ताह खुलेंगे 20 नए आईपीओ




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। आगामी कारोबारी सप्ताह प्राइमरी मार्केट के लिए बेहद सक्रिय रहने वाला है। इस दौरान कुल 20 नए आईपीओ लॉन्च होंगे, जिनमें 4 मेनबोर्ड सेगमेंट और 16 एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके साथ ही पिछले सप्ताह खुले 14 आईपीओ में भी निवेशक बोली लगा सकेंगे। वहीं, लिस्टिंग के मोर्चे पर भी जबरदस्त हलचल रहेगी क्योंकि इस सप्ताह 26 कंपनियों के शेयर स्टॉक मार्केट में प्रवेश करेंगे।

सप्ताह की शुरुआत 29 सितंबर से होगी, जब ग्लौटिस लिमिटेड, ओम फ्रेट फॉरवार्डर्स और फैबटेक टेक्नोलॉजीज जैसे मेनबोर्ड आईपीओ खुलेंगे। इनमें निवेशकों के लिए प्राइस बैंड 120-191 रुपये और लॉट साइज 75 से 114 शेयर तक तय किया गया है। वहीं एसएमई सेगमेंट में ढिल्लन फ्रेट कैरियर, ओम मेटालॉजिक, विजय पीडी स्यूटिकल्स, सोढानी कैपिटल्स, चिरहरित लिमिटेड और सुबा होटल्स अपने-अपने पब्लिक इश्यू लेकर आएंगे।

सप्ताह के दूसरे दिन 30 सितंबर को एडवांस एग्रोलाइफ का 192.86 करोड़ रुपये का मेनबोर्ड आईपीओ खुलेगा। इसके अलावा एसएमई सेगमेंट से सनस्काई लॉजिस्टिक्स, इनफिनिटी इन्फोवे, जेलियो ई-मोबिलिटी, वालप्लास्ट टेक्नोलॉजीज, शिपवेव्स ऑनलाइन, श्लोका डाईज, मुनीष फोर्ज, बीएजी कन्वरजेंस, शील बायोटेक और ग्रीनलीफ इनवायरोटेक जैसे कई आईपीओ निवेशकों को आकर्षित करेंगे।

लिस्टिंग के मोर्चे पर भी बाजार में रौनक रहेगी। 29 सितंबर को गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स समेत कई कंपनियों के शेयर लिस्ट होंगे। 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को भी दर्जनों कंपनियां बाजार में प्रवेश करेंगी, जबकि 3 अक्टूबर को जिंकुशल इंडस्ट्रीज और टूऑल्ट बायोइनर्जी जैसी कंपनियां लिस्ट होंगी। कुल मिलाकर, आने वाला सप्ताह आईपीओ और लिस्टिंग की बमबारी से शेयर बाजार में निवेशकों के लिए खासा उत्साहजनक रहने वाला है।

# रात में 2 लौंग खाने के फायदे



**नई दिल्ली,** (हि.स.) दिखने में छोटा सा लौंग स्वास्थ्य के लिए कई तरह के लाभ प्रदान करता है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो कई बीमारियों से बचाव में मदद करते हैं। आयुर्वेद में भी इसे पेट, दांत और इम्यूनिटी सुधारने वाला माना गया है। इसमें विटामिन ई, सी, ए, डी, फोलेट, राइबोफ्लेविन और ओमेगा-3 जैसे तत्व होते हैं, जो सेहत का ख्याल रखते हैं।

**पेट, दांत और सिरदर्द की समस्या में राहत** : रात को सोने से पहले 2 लौंग चबाने से पेट की समस्याएं जैसे कब्ज, गैस और एसिडिटी में राहत मिलती है। इसके अलावा, मुंह की बदबू और दांत के दर्द में भी लाभ होता है। सिरदर्द की समस्या में भी लौंग चबाने से आराम मिलता है।

**इम्यूनिटी और वायरल इंफेक्शन से बचाव** : लौंग का नियमित सेवन इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा, यह वायरल इंफेक्शन, ब्रोंकाइटिस, साइनस और अस्थमा जैसी समस्याओं से बचाव में भी सहायक है।

लौंग का सही सेवन : रात को सोने से पहले 2 लौंग अच्छी तरह चबाएं और 1 गिलास गुनगुना पानी पी लें। चाहें तो गुनगुने पानी में लौंग का पाउडर मिलाकर भी पी सकते हैं। इससे स्वास्थ्य पर इसका असर और भी बेहतर होता है।

# हाई ब्लड प्रेशर : जानें खतरनाक असर और तुरंत करने योग्य उपाय



हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन में नसों पर लगातार दबाव बढ़ जाता है, जिससे कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। इससे दिल की धमनियों को नुकसान पहुंचकर हार्ट अटैक या हार्ट फेल्योर का जोखिम बढ़ता है। दिमाग की धमनियां कमजोर होकर स्ट्रोक का कारण बन सकती हैं। किडनी की ब्लड वेसेल्स प्रभावित होने से किडनी फेल्योर का खतरा होता है। आंखों में रेटिना और ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुँच सकता है, जिससे दृष्टि धुंधली या अंधापन हो सकता है। अचानक बीपी बढ़ने पर ठंडे पानी से चेहरा धोएं, केला या नारियल पानी खाएं। लगातार बढ़ने पर तुरंत अस्पताल जाएं।

# राशिफल : 29 सितंबर, 2025

मेष : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। शुभांक-5-6-7

वृष : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-6-7-9

मिथुन : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-8

कर्क : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्घि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

सिंह : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-5-7

कन्या : महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

तुला : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-2-5-7

धनु : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-7

मकर : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्घि होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-1-2-6

कुंभ : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-2-6-8

मीन : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-4-9

# पंचांग : 29 सितंबर, 2025

29 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र धनु में
मंगल तुला में
बुध कन्या में
गुरु मिथुन में
शुक्र सिंह में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तुला 07.14 बजे से
वृश्चिक 09.28 बजे से
धनु 11.44 बजे से
मकर 13.49 बजे से
कुंभ 15.36 बजे से
मीन 17.09 बजे से
मेष 18.39 बजे से
वृष 20.19 बजे से
मिथुन 22.17 बजे से
कर्क 00.31 बजे से
सिंह 02.47 बजे से
कन्या 04.59 बजे से
सोमवार 2025 वर्ष का 272 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947

मास आश्विन पक्ष शुक्ल

तिथि सप्तमी 16.32 बजे को समाप्त।

नक्षत्र मूल अहोरात्र।

योग सौभाग्य 01.00 बजे रात्र को समाप्त। करण वणिज 16.32 बजे तदनन्तर विष्टि 05.24 बजे प्रातः को समाप्त।
चन्द्रायु 07.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 020 26
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872482
जूलियन दिन 2460947.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना रबी उस्सानी तारीख 06
विशेष सरस्वती आह्वान, नवपत्रिका पूजा।

# 'मन की बात' में बोले पीएम मोदी- 'छठ को यूनेस्को की धरोहर में शामिल कराने का प्रयास'

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' के 126वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए छठ महापर्व, शहीद भगत सिंह, लता मंगेशकर और नारी शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति की गहरी आस्था और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। भारत सरकार इसे यूनेस्को की 'इनटेंजिबल कल्चरल हेरिटेज लिस्ट' में शामिल कराने का प्रयास कर रही है, जिससे इसकी वैश्विक पहचान बढ़ेगी। उन्होंने कोलकाता की दुर्गा पूजा को इस सूची में शामिल होने का उदाहरण भी दिया।

प्रधानमंत्री ने शहीद भगत सिंह को युवाओं के लिए प्रेरणा बताया और उनके साहसिक पत्र का उल्लेख किया।

उन्होंने लता मंगेशकर को भारतीय संस्कृति का अमूल्य स्वर करार देते हुए कहा कि उनके गीत देशभक्ति और संवेदनाओं को जीवंत करते हैं। मोदी ने व्यक्तिगत अनुभव साझा किया कि लता मंगेशकर हर वर्ष उन्हें राखी भेजती थीं और वे स्वातंत्र्य वीर सावरकर से प्रेरित थीं।

नवरात्रि के अवसर पर प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए नौसेना की लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और रूपा की 238 दिन की "नाविका सागर परिक्रमा" का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों, तूफानों और उच्च तापमान के बावजूद धैर्य और टीमवर्क से यह यात्रा सफल हुई, जिसे देश की बेटियों के साहस और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण बताया।

प्रधानमंत्री ने स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर खादी उत्पादों की खरीदारी और "वोकल फॉर लोकल" का पालन करें। उन्होंने तमिलनाडु, झारखंड और बिहार के उदाहरणों के माध्यम से परंपरा और नवाचार के जरिए रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता को उजागर किया। विजयादशमी के अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना और उसके उद्देश्य पर चर्चा की, गुरुजी गोलवलकर के वाक्य "राष्ट्राय स्वाहा, इदं राष्ट्राय इदं न मम" का महत्व बताया।

प्रधानमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि जयंती, कला-संस्कृति के वैश्विक प्रसार और भारतीय नृत्य की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने भूपेन हजारिका, जुबीन गर्ग और एसएल भैरप्पा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने त्योहारों के दौरान स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने और स्वच्छता को घर से समाज तक फैलाने का आह्वान किया।










कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री ने दीपावली सहित आने वाले त्योहारों की शुभकामनाएं दी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि हर उत्सव को 'वोकल फॉर लोकल' के अवसर के रूप में मनाना चाहिए, जिससे देशवासियों में राष्ट्रीय आत्मगौरव और सांस्कृतिक पहचान मजबूत हो।

## नवरात्रि पर दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि की सौगात, विभाग ने जारी किये 16 करोड़ रूपये

**रांची,** (हि.स.)। झारखंड के दुग्ध उत्पादकों के लिए नवरात्रि के पावन मौके पर अच्छी खुशखबरी आई है। राज्य सरकार झारखंड मिल्क फेडरेशन से जुड़े लगभग 60 हजार दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि की सौगात देने जा रही है। झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया है कि अप्रैल 2025 से अगस्त 2025 तक के बकाया प्रोत्साहन राशि को विभाग की ओर से निर्गत कर दिया गया है। विभाग ने दुग्ध उत्पादकों को



दिये जाने वाले पांच रूपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि के मद में 16 करोड़ रुपये जारी किये हैं। अब इस राशि को दुग्ध उत्पादकों के बैंक खातों में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी उन्होंने कहा कि झारखंड मिल्क फेडरेशन के द्वारा वर्तमान में प्रतिदिन 2 .53 लाख लीटर दुग्ध संग्रहित किया जा रहा है। दुग्ध संग्रहण की बढ़ती क्षमता से झारखंड श्वेत क्रांति की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार की योजनाएं दुग्ध उत्पादकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के साथ-साथ स्वावलंबी बनाने में भी मददगार साबित हो रही है ।

## उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में दो घुसपैठिए आतंकवादियों को मार गिराया गया

**कुपवाड़ा,** (हि.स.)। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा ज़िले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सेना ने रविवार को एक घुसपैठ नाकाम करते हुए दो पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर कर दिए। सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी। ऑपरेशन अभी भी जारी है।



आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इलाके में नियंत्रण रेखा के पार हथियारबंद घुसपैठियों की गतिविधि देखी गई और सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और घुसपैठ को नाकाम कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन के दौरान दोनों आतंकवादियों को मार गिराया गया।

बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि सुरक्षा बल सर्दियों के मौसम से पहले आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिशों का मुकाबला करने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पूरी सतर्कता बरत रहे हैं।

## सांबा में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध ड्रोन गतिविधि देखे जाने के बाद तलाशी अभियान

**जम्मू,** (हि.स.)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी ड्रोन सुबह 6.30 बजे रामगढ़ सेक्टर के करलियान गाँव के ऊपर मंडराता हुआ देखा गया और फिर गायब हो गया।



बीएसएफ जवानों ने तुरंत गाँव और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सीमा पार से हथियार या नशीले पदार्थ न गिराए जा रहे हों। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक तलाशी अभियान जारी था।

## यौन शोषण का आरोपित स्वामी चैतन्यानंद आगरा से गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। दिल्ली पुलिस ने स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को आगरा से गिरफ्तार किया है। उस पर EWS छात्रवृत्ति के तहत पीजीडीएम पाठ्यक्रम कर रही छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि टीम आरोपी को दिल्ली लेकर आ रही है और आज अदालत में पेश किया जाएगा। स्वामी के ट्रस्ट से जुड़े 18 बैंक अकाउंट और 28 फिक्स्ड डिपॉजिट फ्रीज कर दिए गए हैं, जिनमें लगभग आठ करोड़



रुपये हैं। डेबिट और क्रेडिट कार्ड भी बंद करवा दिए गए। यह मामला वसंत कुंज स्थित आश्रम की शाखा के निदेशक के खिलाफ 4 अगस्त को दर्ज शिकायत से सामने आया। पुलिस ने 32 छात्राओं के बयान लिए, जिनमें 17 ने आरोप लगाया कि आरोपी ने अपमानजनक भाषा, अश्लील संदेश और अवांछित शारीरिक संपर्क किया। इसके अलावा आरोप है कि कुछ संकाय और प्रशासक ने छात्राओं को आरोपी की मांगें पूरी करने के लिए दबाव डाला।

## कोलकाता पुलिस ने एक दुर्गा पूजा आयोजन में लाइट और साउंड सप्लाई करने वालों को भेजा नोटिस, आयोजकों ने लगाए गंभीर आरोप



**कोलकाता,** (हि.स.)। संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा में प्रशासन-पुलिस और आयोजकों के बीच विवाद तेज हो गया है। शनिवार रात मुचिपाड़ा थाने की पुलिस ने पूजा पंडाल में लाइट एंड साउंड शो संचालित करने वाली कंपनी को नोटिस जारी कर लाइसेंस, आयोजकों के साथ समझौते, जीएसटी दस्तावेज़ और साउंड लिमिटर कागज़ात मांगे। पुलिस ने पूजा समिति से भी अनुमति पत्र की मांग की और नोटिस में कलकत्ता हाईकोर्ट व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेश का हवाला दिया। विवाद इसलिए बढ़ा क्योंकि पूजा भाजपा पार्षद सजल घोष के नेतृत्व में आयोजित हो रही है। उद्घाटन शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। घोष ने प्रशासन पर राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी कंपनी को तीन घंटे बैठाया गया, जबकि राजस्थान से आई लाइट एंड साउंड कंपनी को नोटिस भेजा गया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यही स्थिति रही तो पंडाल की लाइट बंद कर दी जाएगी और सोशल मीडिया पर प्रशासन व पुलिस पर साजिश का आरोप लगाया। इस पर तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता अरुप चक्रवर्ती ने पलटवार किया, कहा कि अगर कंपनी के पास कागज़ात नहीं हैं और कोई हादसा हुआ तो जिम्मेदारी किसकी होगी। पुलिस ने पूजा रोकने के लिए नहीं कहा है, केवल दस्तावेज मांगे हैं। गौरतलब है कि इस साल संतोष मित्रा स्क्वायर पूजा समिति ने 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम पेश की है, जिसमें केंद्र सरकार की आतंकवाद-रोधी उपलब्धियों और पाकिस्तान को दिए गए जवाब को दिखाया गया है। इससे पहले 2023 में समिति ने अयोध्या राम मंदिर की थीम बनाई थी, जिसका उद्घाटन भी अमित शाह ने किया था। इस विवाद ने दुर्गा पूजा के दौरान राजनीतिक घमासान को और तेज कर दिया है।

## नदियों के कारण ही भारतीय संस्कृति अक्षुण्ण है : मालिनी अवस्थी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। नई दिल्ली, 27 सितंबर (हि.स.)। लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने छठे नदी उत्सव के समापन समारोह में कहा कि भारत का सौभाग्य है कि नदियां हैं, और इसी से भारतीय सांस्कृतिक सत्ता अक्षुण्ण है। उन्होंने बताया कि लोकगीतों में नदियां केवल जलधाराएं नहीं, बल्कि जीवन को पोषित करने वाली नायिका, मां, बहन और बेटी के रूप में दर्शाई गई हैं। इस मौके पर उन्होंने पहली भोजपुरी फिल्म 'गंगा




मैया तोहे पियरी चढ़इबो' का टाइटल गीत और बटोही गीत 'सुंदर सुभूमि भैया भरत के देसवा में' प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध किया।

**संगोष्ठी, पैनल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां** : राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'रिवरस्केप डायनेमिक्स, चेंजेस एंड कंटिन्युटी' विषय पर तीन सत्र आयोजित किए गए, जिसमें कला, विज्ञान और नदियों से जुड़ी कथाओं पर चर्चा हुई। भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों ने 'नदी के संतरी' सत्र में अनुभव साझा किए। अंतिम प्रस्तुति 'बंगाल के नदी गीत' में सौरव मोनी और उनकी टीम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नदी विषयक प्रदर्शनियां 30 सितंबर तक जारी रहेंगी, जिनमें समकालीन कलाकृतियां, कालीघाट पेंटिंग्स, फोटोग्राफी और कविताओं के माध्यम से नदियों की सुंदरता और चेतना प्रदर्शित की जाएगी।

**नदी उत्सव : संस्कृति और मंथन का संगम** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केन्द्रीय कार्यालय मंत्री गोपाल आर्य ने कहा कि नदी उत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि मंथन है। नदी केवल बहने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है। समापन सत्र में आईजीएनसीए के प्रो. के. अनिल कुमार और उत्सव के संयोजक अभय मिश्रा सहित अनेक गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

**डॉक्युमेंट्री और बहुभाषी फिल्में** : समापन दिवस की शुरुआत दीपिका बंसल द्वारा निर्देशित डॉक्युमेंट्री फिल्म 'एक दिल्ली यमुना की' से हुई, जिसने यमुना और दिल्ली के रिश्ते को भावपूर्ण ढंग से पेश किया। इसके बाद बहुभाषी और बहुआयामी फिल्मों- 'ऑफ कर्सेज एंड बिट्रेयल', 'समयाडु हरिवु', 'कावेरी-रिवर ऑफ लाइफ' सहित अन्य फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई। 'लद्दाख- लाइफ अलॉन्ग द इंडस' की विशेष स्क्रीनिंग ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।



# BRICS बना बहुपक्षीय व्यापार में मजबूत आवाज, बोले जयशंकर

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली,** (हि.स.)न्यूयॉर्कः विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के दौरान ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में वैश्विक व्यापार में बढ़ते संरक्षणवाद और शुल्क अस्थिरता को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार पर इन नीतियों का नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की रक्षा करना अब आवश्यक है। जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "ऐसे समय में जब बहुपक्षवाद दबाव में है, ब्रिक्स रचनात्मक बदलाव की एक मजबूत आवाज बनकर उभर रहा है।"

अंतरराष्ट्रीय शांति और कूटनीति पर जोर

जयशंकर ने कहा कि अशांत विश्व में ब्रिक्स को शांति स्थापना, संवाद, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन का संदेश फैलाना चाहिए। उन्होंने वैश्विक स्तर पर सुरक्षा परिषद और अन्य प्रमुख UN अंगों में सुधार की आवश्यकता पर भी बल दिया। उनका मानना है कि ब्रिक्स सदस्य देशों को बहुपक्षीय ढांचे को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

तकनीक और नवाचार में ब्रिक्स की भूमिका

जयशंकर ने बताया कि प्रौद्योगिकी और नवाचार ब्रिक्स सहयोग के अगले चरण को परिभाषित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान डिजिटल परिवर्तन, स्टार्टअप, नवाचार और मजबूत विकास साझेदारी के माध्यम से खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास पर केंद्रित रहेगा। द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुलाकातें संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान जयशंकर ने सिएरा लियोन, रोमानिया, क्यूबा, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, रूस, उरुग्वे, कोलंबिया, एंटीगुआ और बारबुडा सहित कई देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान तथा ऑस्ट्रिया की विदेश मंत्री बीएट मेइनल-रेजिंगर से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। जयशंकर की ये टिप्पणियां अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क के कुछ ही सप्ताह बाद आई हैं, जिसमें से 25 प्रतिशत शुल्क रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त जुर्माने के रूप में लगाया गया। इस संदर्भ में, ब्रिक्स का मजबूत और एकजुट रुख बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की रक्षा में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

## UNGA में भारत का जलवा : विश्व नेताओं ने पीएम मोदी के वैश्विक नेतृत्व की सराहना की



**न्यूयॉर्क :** संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत का डंका बज रहा है। त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर ने पीएम मोदी को वैश्विक योगदान के लिए सराहा और साउथ-साउथ सहयोग को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों की विशेष प्रशंसा की। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी भारत और पीएम मोदी के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि भारत आज अपने फैसले स्वतंत्र रूप से लेता है। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने पीएम मोदी के करिश्माई वैश्विक नेतृत्व की सराहना की और भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता दिलाने का समर्थन किया।

# यूएन में एस. जयशंकर का बड़ा बयान- पाकिस्तान आतंकवाद का ग्लोबल सेंटर



**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत के विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र को संबोधित करते हुए भारत के दृष्टिकोण और वैश्विक जिम्मेदारियों पर जोर दिया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा, "भारत के लोगों की ओर से नमस्कार।" जयशंकर ने याद दिलाया कि संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के आठ दशक बाद भी शांति और मानव गरिमा की रक्षा इसकी प्रमुख प्राथमिकता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि उपनिवेशवाद के अंत के बाद दुनिया विविधता की ओर लौटी है और वैश्वीकरण के दौर में विकास, जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य वैश्विक कल्याण के केंद्र में हैं।

**भारत की वैश्विक भूमिका और योगदान :** जयशंकर ने भारत के वैश्विक योगदान का उल्लेख करते हुए बताया कि भारत ने भूकंप जैसी आपदाओं में अफगानिस्तान और म्यांमार की मदद की। उत्तरी अरब सागर में सुरक्षित व्यापार और समुद्री डकैती पर रोक लगाई। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि भारतीय सैनिक शांति बनाए रखते हैं, नाविक जहाजों की सुरक्षा करते हैं, सुरक्षा बल आतंकवाद से लड़ते हैं, जबकि डॉक्टर, शिक्षक, तकनीकी विशेषज्ञ और उद्योग वैश्विक विकास में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सब भारत की विदेश नीति की जड़ में निहित है, जो "सहयोग, विकास और शांति" पर आधारित है।

**आतंकवाद का बढ़ता खतरा**

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत स्वतंत्रता के बाद से लगातार आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है। पाकिस्तान का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि कुछ पड़ोसी देशों को लंबे समय से वैश्विक आतंकवाद का गढ़ माना जाता है। उन्होंने हाल के पहलगाम आतंकी हमले का उदाहरण देते हुए इसे "क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म" का नया उदाहरण बताया। जयशंकर ने आतंकवाद को नफरत, हिंसा और डर से जोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि आतंकवाद को राज्य नीति बनाने वाले देशों की कड़ी निंदा और कार्रवाई जरूरी है।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग और दबाव बनाए रखना जरूरी** जयशंकर ने कहा कि आतंकवादी नेटवर्क और उसकी फंडिंग पर लगातार दबाव बनाए रखना अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दुनिया ऐसे देशों को छूट देती रही, तो आतंकवाद अंततः वैश्विक खतरे के रूप में लौटेगा। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुधारों की भी बात की और कहा कि यूएन सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी और अस्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए ताकि यह और अधिक प्रतिनिधिक और लोकतांत्रिक बने।

**बुलेटिन बॉक्स**

» **ब्रिक्स शिखर सम्मेलनः सदस्य देशों ने बहुपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने और संरक्षणवाद का विरोध करने पर जोर दिया।**

----------------

» **इज़राइल-फीन तनावः यूएन ने क्षेत्र में बढ़ते संघर्षों पर चिंता व्यक्त की।**

----------------

» **अमेरिका-कोलंबिया तनावः अमेरिकी प्रशासन ने राष्ट्रपति पेट्रो का वीज़ा रद्द कर कूटनीतिक तनाव बढ़ाया।**

----------------

» **नेपाल क्रिकेट जीतः नेपाल ने ऐतिहासिक टी20आई मैच में वेस्टइंडीज को 19 रनों से हराया।**

----------------

» **वैश्विक स्वास्थ्य चेतावनीः WHO ने दक्षिण-पूर्व एशिया में बढ़ते डेंगू मामलों पर सतर्क किया।**

## अमेरिका ने कोलंबिया के राष्ट्रपति पेत्रो का वीज़ा रद्द, ट्रंप पोर्टलैंड में सेना तैनात करेंगे



**अमेरिका,** (हि.स.)। अमेरिका और कोलंबिया के बीच तनाव बढ़ गया है, जब अमेरिकी विदेश विभाग ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो का वीज़ा रद्द करने का निर्णय लिया। यह कदम न्यूयॉर्क में हुए एक प्रदर्शन के बाद आया, जिसमें पेत्रो ने अमेरिकी सैनिकों से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेशों की अवज्ञा करने और मानवता के पक्ष में कदम उठाने की अपील की थी। विदेश विभाग ने सोशल मीडिया पर कहा कि पेत्रो के "लापरवाह और भड़काऊ कृत्यों" के कारण उनका वीज़ा रद्द किया जा रहा है। यह स्पष्ट नहीं है कि इस फैसले से पेत्रो को अमेरिका से समय से पहले लौटना पड़ा या भविष्य में उनकी यात्रा प्रभावित होगी। वहीं, ट्रंप ने ओरेगॉन के पोर्टलैंड शहर में सेना तैनात करने का ऐलान किया है। उन्होंने इसे ''घरेलू आतंकवादियों'' से निपटने और अमेरिकी आव्रजन व सीमा शुल्क संस्थानों की सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया। ट्रंप ने कहा कि यह कदम ''एंटीफा और अन्य रैडिकल लेफ्ट'' के खतरे को देखते हुए उठाया गया है, और उन्होंने सेना को युद्धग्रस्त पोर्टलैंड की सुरक्षा के लिए निर्देश दिया है।

## ईरान के सुप्रीम नेता खामेनेई ने यूएनजीए में नेतन्याहू के भाषण की तस्वीर साझा कर कहा – ''दुष्ट जायोनिस्ट दुनिया का सबसे नफरती और अलग-थलग शासन''



**तेहरान :** ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के भाषण की तस्वीर जारी की, जिसमें अधिकांश कुर्सियां खाली दिख रही थीं। खामेनेई ने इसे शेयर करते हुए लिखा, "आज, दुष्ट जायोनिस्ट शासन दुनिया का सबसे अधिक नफरती और अलग-थलग शासन है।" विश्लेषकों के अनुसार, यह ट्वीट ईरान और इजरायल के बीच दशकों से चले आ रहे तनाव और हालिया 11-दिन के युद्ध के बाद बढ़ी राजनीतिक और सैन्य तनातनी को दर्शाता है। यूएनजीए में नेतन्याहू के भाषण के दौरान कुछ देशों के प्रतिनिधियों ने कक्ष छोड़कर विरोध किया, जबकि अन्य नेताओं ने उनका समर्थन किया। खामेनेई का बयान ईरान की इजरायल के प्रति अडिग विदेश नीति और मध्य-पूर्व में अपने प्रभाव को बनाए रखने की रणनीति को उजागर करता है।

## वियतनाम में 'बुआलोई' तूफान का कहर, हजारों लोग सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए



**हनोई :** वियतनाम के मध्य और उत्तरी प्रांतों में बुआलोई तूफान के चलते रविवार को भारी हड़कंप मच गया। मौसम विभाग के अनुसार यह तूफान 133 किमी/घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है और देर शाम तक क्वांग त्री और न्गे आन प्रांतों के बीच ज़मीन से टकराने की संभावना है। इसके चलते मूसलाधार बारिश, 1 मीटर से अधिक ऊंची समुद्री लहरें, फ्लैश फ्लड और भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने सुरक्षित स्थानों पर विस्थापन के आदेश जारी किए और मछली पकड़ने वाली नौकाओं को समुद्र में जाने से रोका। दा नांग में 2,10,000 और ह्यू में 32,000 से अधिक लोग सुरक्षित स्थानों पर भेजे जाने की योजना है। इसके अलावा दा नांग सहित चार प्रमुख तटीय हवाई अड्डों पर उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है। क्वांग त्री प्रांत में तूफान की चपेट में आने से एक मछली पकड़ने वाली नाव डूब गई और एक अन्य नाव फंस गई। अब तक आठ लोग बचाए गए हैं, जबकि तीन लोगों तक पहुंचने की कोशिश जारी है। मौसम विशेषज्ञों ने 1 अक्टूबर तक भारी बारिश और बाढ़ की चेतावनी जारी की है। बुआलोई इस सप्ताह एशिया में आने वाला दूसरा बड़ा तूफान है। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण उष्णकटिबंधीय तूफान और अधिक शक्तिशाली और वर्षा-प्रधान हो रहे हैं, जिससे पूर्वी एशिया में तेज हवाएं और भारी बारिश देखी जा रही हैं।

## शंघाई में आयुर्वेद दिवस समारोह, स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद के महत्व पर चर्चा



**शंघाई,** (हि.स.)। भारतीय महावाणिज्य दूतावास की तरफ से यहां आयोजित 10वें आयुर्वेद दिवस समारोह में स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद की जरूरतों और उसकी वैश्विक महत्ता पर बल दिया गया। समारोह के स्वागत भाषण में महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने स्वास्थ्य और कल्याण पर आयुर्वेद के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डालने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कथन का हवाला दिया। उन्होंने आयुर्वेद को स्वस्थ जीवन का मार्ग बताया। आयुर्वेदाचार्य डॉ. अनीता शर्मा ने 'आयुर्वेद द्वारा समग्र उपचार' विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को आयुर्वेद के बारे में अधिक जानने और स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण खोजने का अवसर प्रदान किया।

## गृहमंत्री का निर्देश-नेपाल की हिंसक घटनाओं में शामिल युवाओं की गिरफ्तारी न की जाए



**काठमांडू,** (हि.स.)। अंतरिम सरकार के गृहमंत्री ओमप्रकाश आर्यल ने पुलिस को निर्देश दिया है कि वह 8 और 9 सितंबर के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई तोड़फोड़, आगजनी और लूटपाट की घटनाओं में शामिल युवाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई न की जाए। पुलिस ने हाल ही में पुलिस चौकियों को आग लगाने, हथियारों को लूटने और सार्वजनिक कार्यालयों पर हमला करने के लिए कई युवाओं को गिरफ्तार किया है। प्रदर्शन के दौरान काठमांडू और देश भर में सैकड़ों सरकारी कार्यालयों में आग लगा दी गई। 3,000 से अधिक पुलिस हथियारों को लूट लिया गया। सिंहदरबार, सुप्रीम कोर्ट, संसद भवन,राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास सहित राज्य के प्रमुख संस्थानों में कई दिनों तक आग लगी रही। गृह मंत्रालय ने रविवार को एक बयान जारी करके विरोध प्रदर्शनों से मानव और भौतिक नुकसान की जांच के लिए पूर्व न्यायमूर्ति गौरी बहादुर कार्की के तहत एक न्यायिक आयोग के गठन की घोषणा की है। मंत्रालय ने तर्क दिया कि तत्काल कोई पुलिस कार्रवाई नहीं की जाएगी, क्योंकि आयोग के पास घटनाओं का अध्ययन करने और कानूनी कदमों की सिफारिश करने का जनादेश है। आर्याल ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) चंद्रकुबेर खापुंग को एक लिखित आदेश में हिंसक प्रदर्शनों के दौरान सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से जुड़े मामलों को आगे नहीं बढ़ाने का निर्देश दिया है।

# लॉन्ग जम्पर विकास की कड़ी मेहनत, लेकिन पदक से रहे दूर




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय लॉन्ग जम्पर विकास ने इंडियनऑयल नई दिल्ली 2025 पैरा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स में पूरी ताक़त झोंक दी, लेकिन पुरुषों की टी47 लॉन्ग जंप फाइनल में वह छठे स्थान पर रहे और पदक से चूक गए।

23 वर्षीय विकास ने तीसरी कोशिश में 6.69 मीटर की छलांग लगाई और अंतिम प्रयास तक 7.00 मीटर पार करने की कोशिश करते रहे। उन्होंने 6.84 मीटर, 6.88 मीटर और 6.96 मीटर की लगातार छलांगें लगाईं, लेकिन कांस्य पदक के लिए तय 7.19 मीटर की दूरी तक नहीं पहुँच सके। उनके साथी अजय सिंह 6.31 मीटर के साथ 10वें स्थान पर रहे।

भारत के लिए रविवार का दिन निराशाजनक रहा। एफ57 भाला फेंक में प्रवीन कुमार (41.92 मी.) और हेम चंद्र (41.17 मी.) क्रमशः नौवें और 10वें स्थान पर रहे। वहीं, पुरुषों की 100 मीटर टी37 में राकेशभाई भट्ट (11.88 सेकंड) सातवें और श्रेयांश त्रिवेदी (12.18 सेकंड) आठवें स्थान पर रहे।

उद्घाटन दिवस पर भारत ने एक-एक स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता था, लेकिन दूसरे दिन पदक तालिका में कोई नया इज़ाफा नहीं हो सका।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप : रुज्दी ने विश्व रिकॉर्ड के साथ लगातार छठा शॉटपुट स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। बुल्गारिया के शॉटपुट एथलीट रुज्दी ने रविवार सुबह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में एक और इतिहास रच दिया। उन्होंने पुरुषों की शॉटपुट एफ55 स्पर्धा में 12.94 मीटर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए लगातार छठा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि उन्होंने 2015 से लेकर अब तक हर विश्व चैंपियनशिप में हासिल की है।

**मलेशिया के रोमली ने लंबी कूद में लगाई हैट्रिक** : मलेशिया के अब्दुल लतीफ रोमली ने पुरुषों की लंबी कूद टी20 स्पर्धा में 7.67 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की। 28 वर्षीय रोमली का यह पांचवां विश्व स्वर्ण पदक रहा, जबकि वे केवल एक बार 2019 दुबई संस्करण में पराजित हुए थे। उनका प्रदर्शन लंबे समय से इस स्पर्धा में वर्चस्व का प्रतीक बना हुआ है।

**यूक्रेन के पोनोमारेंको का निर्णायक प्रदर्शन** : यूक्रेन के वोलोडिमिर पोनोमारेंको ने पुरुषों की शॉटपुट टी12 स्पर्धा में 17.39 मीटर का प्रयास कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह रिकॉर्ड उन्होंने अपने दूसरे थ्रो में हासिल किया और लातविया के एमिल्स डिजिलना को पीछे छोड़ निर्णायक रूप से स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। डिजिलना ने 16.63 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया, लेकिन वह पर्याप्त साबित नहीं हुआ।

**नासिमा सैफी ने पूरी की डबल हैट्रिक** : भारत की नासिमा सैफी ने महिलाओं की डिस्कस थ्रो एफ57 स्पर्धा में लगातार छठा स्वर्ण पदक जीतकर स्वर्ण पदकों की डबल हैट्रिक पूरी की। उनके पांचों थ्रो 32 मीटर से अधिक रहे। वहीं, चीन की तियान युक्सिन 30.30 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नासिमा का दबदबा साफ तौर पर देखने को मिला।

**डेब्रनर ने 5000 मीटर टी54 रेस में मारी बाजी** : स्विट्जरलैंड की कैथरीन डेब्रनर ने महिलाओं की 5000 मीटर टी54 रेस में शानदार जीत दर्ज की। 30 वर्षीय एथलीट ने शुरुआती तीन किलोमीटर के बाद ही बढ़त बना ली और गत चैंपियन चीन की तियान याजुआन तथा अपनी साथी पेट्रीसिया ईचस को पछाड़ दिया। इस जीत के साथ डेब्रनर ने अपना दूसरा 5000 मीटर स्वर्ण पदक हासिल किया।

# बड़ा उलटफेर : नेपाल ने वेस्टइंडीज को 19 रनों से हराया




T20I क्रिकेट के इतिहास में आज पहली बार नेपाल और वेस्टइंडीज के बीच मुकाबला खेला गया। शारजाह क्रिकेट ग्राउंड में हुए इस रोमांचक मैच में नेपाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को 19 रनों से मात दी और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज की टीम इस बार अकील हुसैन की कप्तानी में उतरी थी।

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 148 रन बनाए। शुरुआत थोड़ी धीमी रही, लेकिन रोहित पॉडेल और कुशल मल्ला ने तीसरे विकेट के लिए 58 रन की अहम साझेदारी की। कुशल मल्ला 21 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान पॉडेल ने 35 गेंदों में 38 रन बनाए। दीपेंद्र सिंह एरी ने भी 17 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से जेसन होल्डर ने 4 विकेट लिए और नवीन बिदाईसी ने 3 विकेट अपने नाम किए।

149 रनों के टारगेट के बावजूद वेस्टइंडीज टीम पूरी तरह संघर्षरत नजर आई। सलामी बल्लेबाज कायल मेयर्स 5 और आमिर जांगू 19 रन पर आउट हुए। नंबर तीन पर आए एकीम ऑगस्टे ने 15 रन बनाए। कप्तान अकील हुसैन ने 28 रन की पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज फ्लॉप साबित हुए। नेपाल के कुशल भुर्तेल ने 2 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ नेपाल ने शानदार उलटफेर किया और टी20I में इतिहास रच दिया।

# आईसीसी ने महिला विश्व कप 2025 के कमेंट्री पैनल का किया ऐलान

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए कमेंटेटरों के एक मजबूत और विविध पैनल की घोषणा की है। इस बार पैनल में महिला खिलाड़ियों की भागीदारी को विशेष महत्व दिया गया है।

**भारतीय दिग्गज भी पैनल में शामिल** : पैनल में भारत की दो पूर्व कप्तान मिताली राज और अंजुम चोपड़ा शामिल हैं। इनके अलावा पाकिस्तान की सना मीर, इंग्लैंड की मेल जोन्स और ईसा गुहा, वेस्टइंडीज की स्टेसी-एन किंग तथा जूलिया प्राइस जैसी अनुभवी क्रिकेटर भी अपनी आवाज से दर्शकों को रोमांचित करेंगी।




**अंतरराष्ट्रीय दिग्गजों की मौजूदगी** : कमेंट्री पैनल में भारत के दिनेश कार्तिक, इंग्लैंड के नासिर हुसैन, ऑस्ट्रेलिया के एरॉन फिंच, वेस्टइंडीज के कार्लोस ब्रेथवेट, न्यूजीलैंड की केटी मार्टिन और इयान बिशप भी शामिल हैं। इसके अलावा नताशा फैरेंट, म्पुमेलो म्बांगवा और रसेल अर्नोल्ड जैसे जाने-माने नाम भी इस सूची में हैं। नताली जर्मनोस, एलन विल्किंस और कास नायडू जैसे वरिष्ठ प्रसारक तथा जतिन सप्रू और रौनक कपूर जैसे उभरते चेहरों को भी जगह दी गई है।

**मिताली राज ने साझा की भावनाएं** : कमेंट्री पैनल में शामिल होने पर मिताली राज ने कहा कि महिला विश्व कप 2025 अगली पीढ़ी की लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने इसे न केवल दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का उत्सव बताया, बल्कि क्रिकेट खेलने का सपना देखने वाली नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने का अवसर भी माना।

**आईसीसी महिला क्रिकेट** विश्व कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से होगी और फाइनल मुकाबला 2 नवंबर को खेला जाएगा। भारत और श्रीलंका के पांच स्थानों—नवी मुंबई, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो—में मुकाबले होंगे, जबकि पाकिस्तान के सभी मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे।

# दशहरा पर भारत की पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग की शुरुआत, 12 को फाइनल

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। दशहरा के अवसर पर दो अक्टूबर को भारत में पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) की शुरुआत होने जा रही है। यह लीग 12 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इसमें छह टीमें दो राउंड-रॉबिन चरणों में एक-दूसरे से मुकाबला करेंगी। इसके बाद 12 अक्टूबर को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

दशहरा के दिन तीरंदाजी प्रीमियर लीग के शुभारंभ पर उत्साह व्यक्त करते हुए लीग के निदेशक अनिल कामिनेनी ने कहा कि एपीएल की शुरुआत के लिए दशहरे से अधिक प्रतीकात्मक और शुभ दिन कोई हो ही नहीं सकता, यह त्योहार भारतीय संस्कृति की गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी प्रीमियर लीग महज एक लीग नहीं है, यह भारत की विरासत का उत्सव है, जो ओलंपिक गौरव के दृष्टिकोण से जुड़ा है।

प्रतियोगिता में राउंड रॉबिन वन 2 से 6 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें सभी छह टीमें पृथ्वीराज योद्धा (दिल्ली), माइटी मराठा (महाराष्ट्र), काकतीय नाइट्स (तेलंगाना), राजपुताना रॉयल्स (राजस्थान), चेरो आर्चर्स (झारखंड) और चोला चीफ्स (तमिलनाडु) देर शाम को होने वाले मैचों की श्रृंखला में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। राउंड रॉबिन 2 सात से 11 अक्टूबर तक उसी प्रारूप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक टीम प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कई मैच खेलेगी। टूर्नामेंट का समापन 12 अक्टूबर को नॉकआउट चरणों के साथ होगा, जिसमें सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे और पहला तीरंदाजी प्रीमियर लीग चैंपियन घोषित किया जाएगा। नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाने वाले एपीएल में विश्व स्तरीय प्रतिभाओं का मिश्रण देखने को मिलेगा, जिसमें दीपिका कुमारी और ज्योति सुरेखा वेन्नम जैसी भारत की अग्रणी तीरंदाज विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी माइक श्लोएसर और एंड्रिया बेसेरा, तथा ओलंपियन ब्रैडी एलिसन और एलेजांद्रा वालेंसिया जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगी।

# भारत ने न्यूजीलैंड को वॉर्म अप मैच में 42 ओवर में हराया

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड महिला टीम के खिलाफ वॉर्म अप मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 232 रनों के टारगेट को 40.2 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया। बारिश की वजह से मैच 42-42 ओवर का किया गया था। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 232 रन बनाए। टीम की ओर से कप्तान सोफी डिवाइन ने 54 गेंदों में 54 रन बनाए, मैडी ग्रीन ने 42 गेंदों में 49 रन और अमेलिया केर ने 67 गेंदों में 40 रन बनाए।



भारतीय गेंदबाजों में श्री चरानी ने तीन विकेट लिए, जबकि क्रांती गौड और अरुंधति रेड्डी ने दो-दो विकेट झटके। चेज़िंग में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 86 गेंदों में 69 रन और हरलीन देओल ने 79 गेंदों में 74 रन बनाए। दोनों की सधी बल्लेबाजी के दम पर भारत ने आसानी से जीत हासिल की। अन्य बल्लेबाजों में जेमिमा रोड्रिगेज ने 8 और ऋचा घोष ने 9 रन बनाए। इस जीत से भारतीय टीम ने अपने आत्मविश्वास को मजबूत किया और आगामी मैचों के लिए अच्छी शुरुआत की।

# शीतल देवी ने वर्ल्ड पैरा आर्चरी में जीता गोल्ड

चीन के ग्वांग्जू में चल रही वर्ल्ड पैरा आर्चरी चैंपियनशिप 2025 में भारत की 18 साल की शीतल देवी ने इतिहास रच दिया। शीतल पहली ऐसी पैरा आर्चरी बन गई हैं, जिन्होंने बिना हाथों के गोल्ड मेडल जीतने में सफलता हासिल की। महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में उन्होंने तुर्की की नंबर-1 तीरंदाज ओजनूर क्यूर गिर्डी को रोमांचक मुकाबले के बाद 146-143 के अंतर से हराया।



मैच के पहले राउंड में दोनों का स्कोर 29-29 रहा। दूसरे राउंड में शीतल ने लगातार तीन शॉट में 10-10 अंक लगाकर 30-27 से बढ़त बनाई। तीसरे राउंड में फिर बराबरी रही, जबकि चौथे राउंड में शीतल 28 और गिर्डी 29 अंक ही हासिल कर पाईं। अंतिम पांचवें राउंड में शीतल ने तीन शॉट में 30 अंक लेकर अपने गोल्ड मेडल को पक्का किया। शीतल इस इवेंट में बिना हाथों वाली एकमात्र पैरा तीरंदाज हैं और निशाना लगाने के लिए अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल करती हैं। उनका यह प्रदर्शन भारतीय पैरा खेलों के इतिहास में यादगार बना।